शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 120 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 26 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## मंदिर परिसर में रील्स बनाने वाले 84 लोगों का चालान

**रुद्रप्रयाग**

**केदारनाथ** परिसर में सोशल मीडिया पर रील्स बनाने और नशा कर हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस ने सख्ती करनी शुरू कर दी है। अब तक धाम के प्रतिबंधित क्षेत्र में रील्स बनाने वाले 84 व्यक्तियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई, जबकि हुड़दंग मचाने वाले 59 लोगों पर कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने बताया, केदारनाथ धाम के 50 मीटर की परिधि में रील और वीडियो बनाने पर रोक है। शुक्रवार को धाम के प्रतिबंधित क्षेत्र में रील बना रहे चार लोगों को पकड़कर चालान किया गया। इससे पहले पुलिस 80 लोगों को प्रतिबंधित क्षेत्र में रील्स और वीडियो बनाते हुए पकड़ कर चालान कर चुकी है। वहीं, नशे का सेवन कर धाम में उत्पात मचाने वालों के खिलाफ भी रुद्रप्रयाग पुलिस ऑपरेशन मयार्दा चला रही है। नशा कर हुड़दंग करने वाले 59 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

## सबसे बड़ी बारूद फैक्टरी में जोरदार धमाका, आठ की मौत

**बेमेतरा**

**छत्तीसगढ़** के बेमेतरा जिले में शनिवार को बड़ा घटना हुई। यहां बेरला के बारूद फैक्टरी में धमाका हुआ है। धमाके में आठ लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। प्रशासन की टीम रेक्स्यू कर रही है। दर्जनभर लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, बेमेतरा जिले के बेरला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बोरसी स्थित बारूद फैक्टरी में धमाका हुआ है। घटना सुबह की है। बारूद फैक्टरी में ब्लास्ट की आवाज कई किलोमीटर तक सुनाई दी। इससे आस-पास के गांव के लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जमा हो गए हैं।

धमाके के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। उधर, घटना के तीन घंटे के बाद रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। घायलों में से सात लोगों को रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसमें से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं रायपुर के अलग-अलग निजी अस्पतालों में भी मरीजों को भर्ती कराया गया है।

# हरियाणा में शाम छह बजे तक 59.4 फीसदी मतदान

## भाजपा हर जगह हार रही है तो प्रधानमंत्री मोदी 400 से ज्यादा सीटें जीतने का नारा कैसे लगा रहे: अध्यक्ष





**चंडीगढ़**

**हरियाणा में शनिवार** को लोकसभा की दस तथा विधानसभा की एक सीट के लिए शनिवार को मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। राज्य में वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान जहां कुल 70.34 प्रतिशत मतदान हुआ था, वहीं आज शाम सात बजे तक 63.02 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग ने इस बार 75 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य तय किया गया था। प्रदेश में शनिवार से ही नौतपा भी शुरू हो चुका है। भीषण गर्मी का असर मतदान पर देखने को मिला। प्रदेश में सुबह सात बजे मतदान शुरू होने से पहले आयोजित मॉक पोल के दौरान 62 ईवीएम को बदलना पड़ा। मतदान शुरू होने के बाद भी पानीपत व हिसार में ईवीएम खराब होने की सूचना मिली, जिस कारण कुछ समय के लिए मतदान प्रक्रिया बाधित हुई। आज हुए मतदान के दौरान प्रदेश के कई लोकसभा क्षेत्र ऐसे रहे जहां इंडियन नेशनल लोकदल, जननायक जनता पार्टी तथा बहुजन समाज पार्टी के बूथ तक देखने को नहीं मिले। कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी के बूथ लगभग सभी जगहों पर लगे हुए थे। हिसार, करनाल व जींद से कई मदाताओं ने अपना वोट किसी अन्य द्वारा डाले जाने का भी दावा किया। प्रदेश में भाजपा के ज्यादातर प्रत्याशियों ने मंदिरों व अन्य धार्मिक स्थानों पर पूजा-अर्चना के बाद सुबह पहले दो घंटे में ही मतदान कर दिया जबकि कांग्रेस के प्रत्याशी व नेता पूर्वाह्न 11 बजे के बाद मतदान के लिए निकले। हरियाणा भिवानी में भाजपा विधायक घनश्याम सर्राफ तथा कांग्रेस समर्थकों के बीच मतदान को लेकर बहस हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। यमुनानगर में कांग्रेस और बीजेपी कार्यकर्ताओं में बहस हो गई। इसे देख पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत करवाया।

### अंबाला में 48.31 प्रतिशत, करनाल में 46.24 फीसदी हुआ मतदान

अंबाला में 48.31 प्रतिशत, करनाल में 46.24 फीसदी, कुरुक्षेत्र में 50.17 प्रतिशत, गुरुग्राम में 41.31, फरीदाबाद में 42.34 प्रतिशत, भिवानी महेंद्रगढ़ में 47.25 प्रतिशत, रोहतक में 49.08 प्रतिशत, सिरसा में 49.44 फीसदी, सोनीपत में 46.14 फीसदी और हिसार में 45.28 फीसदी मतदान हुआ।

करनाल में मतदान के बीच सीएम नायब सैनी एक आम कार्यकर्ता की तरह नजर आए। उन्होंने चुनावी बस्ते पर कार्यकताओं के साथ बैठकर खुद अपनी कलम से साधारण मतदाताओं की पर्चियां बनाई। सैनी करनाल विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी हैं।



गांव रायपुर के अतिसंवेदनशील बूथ नंबर 209 पर दोपहर दो बजे भी मतदाताओं में मतदान को लेकर दिखा उत्साह। नूंह दंगे के प्रभावित इस गांव में नहीं दिखा दंगे का असर शांतिपूर्वक लोगो ने बढ़चढ़ कर मतदान में किया हिस्सा।

हरियाणा में एक बजे तक 36.48 फीसदी मतदान हुआ।

अंबाला में 38.12 प्रतिशत, करनाल में 35.69 फीसदी, कुरुक्षेत्र में 40.06 प्रतिशत, गुरुग्राम में 30.59, फरीदाबाद में 33.92 प्रतिशत, भिवानी महेंद्रगढ़ में 38.37 प्रतिशत, रोहतक में 38.15 प्रतिशत, सिरसा में 40.84 फीसदी, सोनीपत में 37.07 फीसदी और हिसार में 34.99 फीसदी मतदान हुआ।रोहतक में कांग्रेस के स्टार प्रचारक और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपने परिवार सहित मतदान किया।

इस दौरान उनके बेटे दीपेंद्र हुड्डा भी मौजूद रहे।

### जजपा इक्का-दुक्का सीटों पर मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे



**पिछले** लोकसभा चुनाव में क्लीन स्वीप करने वाली भाजपा इस बार सात सीटों पर जीत की हैट्रिक बनाते हुए फिर से पिछला प्रदर्शन दोहराने का लक्ष्य लेकर चल रही है। मुख्य मुकाबला कांग्रेस से है जिसके साथ अधिकतर सीटों पर सीधी टक्कर है। क्षेत्रीय दल इनेलो और जजपा इक्का-दुक्का सीटों पर मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे हैं।

यमुनानगर के घोड़ो पिपली गांव में पहले ही लोगों ने चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान किया था। इसके चलते गांव में बूथ पर कर्मचारी भी आए लेकिन कोई भी वोट डालने के लिए नहीं आया। दोपहर दो बजे तक बूथ खाली पड़े रहे और एक भी वोट नहीं पड़ा। रोहतक के फरमाणा गांव में बूथ नंबर 20 पर ड्यूटी पर तैनात हेड कॉन्स्टेबल की तबीयत बिगड़ गई, जिसे महम सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पैतृक गांव सांघी में पुलिस कर्मचारियों द्वारा बोगस वोटिंग कराए जाने की अफवाह फैली। पुलिस ने इसे सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाह बताया। अंबाला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पोस्टर को नाली में फेंकने पर बवाल हो गया। पुलिस के सामने ही कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। दोनों दलों के कार्यकर्ता एक-दूसरे के साथ हाथापाई करने लगे। इस दौरान मौके पर खड़ी पुलिस मूक दर्शक बनी खड़ी रही। बिगड़ते माहौल को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई। यमुनानगर के एक बूथ पर कांग्रेस-भाजपा वर्करों के बीच हुए बवाल के बाद इंडिया गठबंधन के नेता का कहना है कि पुलिस ने इस मामले में ज्यादती की है। चुनाव ड्यूटी में तैनात एक एएसआई ने कांग्रेस के एक कार्यकर्ता पर लाठीचार्ज किया।

## भावनाओं के आधार पर नहीं चल सकते: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**

**मणिपुर हिं**सा के दौरान विस्थापितों की संपत्तियों की सुरक्षा पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कथित गैर-अनुपालन के लिए अवमानना कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह भावनाओं के आधार पर नहीं चल सकता, बल्कि उसे कानून के अनुसार काम करना होगा। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि वह दलील से संतुष्ट नहीं है कि मणिपुर के मुख्य सचिव समेत




प्रतिवादियों के विरुद्ध अवमानना का मामला बनता है और याचिकाकर्ता कानून के तहत उपलब्ध उपायों का सहारा ले सकते हैं। मणिपुर की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एश्वर्य भाटी ने पीठ को बताया कि अवमानना का कोई मामला नहीं बनता और राज्य व केंद्र सरकार लोगों की चिंताओं को दूर करने के लिए धरातल पर हर काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मुद्दे को गर्म रखने का प्रयास करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सभी नागरिकों एवं उनकी संपत्तियों की रक्षा करना राज्य का दायित्व है और सरकार इस मुद्दे पर अपडेट स्थिति रिपोर्ट दाखिल कर सकती है। शीर्ष अदालत उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें दावा किया गया था कि जातीय हिंसा के दौरान विस्थापित हुए लोगों की संपत्तियों की रक्षा के उसके पिछले वर्ष 25 सितंबर के आदेश की प्रतिवादियों ने अवमानना की है।

## भारत की बढ़ती ताकत वैश्विक संतुलन के लिए जरूरी: विदेश मंत्री

**नई दिल्ली**

भारत ने एक बार फिर अपनी बढ़ती ताकत का दांव ठोका है और कहा है कि वैश्विक संतुलन कायम करने और खास तौर एशिया को बहुधुव्रीय बनाने के लिए भारत का मजबूत रहना जरूरी है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने निक्की एशिया 2024 (एशिया का भविष्य) सम्मेलन में कहा है कि एशिया को बहुधुव्रीय बनाने के लिए भारत में बदलाव जरूरी है, क्योंकि बहुधुव्रीय एशिया से ही बहुधुव्रीय विश्व का गठन होगा। भारत की बढ़ती ताकत यह



सुनिश्चित करेगा कि विश्व में आजादी, खुलापन, पारदर्शिता और कानून सम्मत व्यवस्था कायम रहेगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर के इस बयान को चीन के संदर्भ में देखा जा रहा है। जयशंकर ने टोक्यो में आयोजित उक्त सेमिनार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए जो बातें कहीं हैं वह वैश्विक मंचों पर भारत के बढ़ते आत्मविश्वास को भी दिखाता है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि, भारत आज उदाहरण पेश करने में विश्वास रखता है। भारत में चुनाव चल रहा है जो बताता है कि लोकतंत्र से भी बदलाव हो सकता है। यह देखा जा सकता है कि भारत किस तरह से समाजिक-आर्थिक लाभों का प्रभावशाली तरीके से व्यापक तौर पर वितरण कर सकता है। कहीं प्राकृतिक आपदा होती है तो भारत सबसे पहले मदद पहुंचाने वालों में होता है। सौर ऊर्जा से लेकर जैवविविधता के मामले में भारत लीडर की भूमिका निभा रहा है।

## सीडीएस ने आईएएफ मुख्यालय में प्रशिक्षण कमान का किया दौरा




**बेंगलुरु**

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने भारतीय वायु सेना के मुख्यालय स्थित प्रशिक्षण कमान का दौरा किया। उन्होंने बेहतर प्रशिक्षण के लिए राष्ट्र के दुर्लभ संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग करने के लिए संयुक्त प्रयासों को और बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। शनिवार को जारी किए गए एक डिफेंस स्टेटमेंट के अनुसार, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) ने भारतीय वायुसेना के मुख्यालय प्रशिक्षण कमान का दौरा किया। अपनी यात्रा के दौरान, सीडीएस को प्रशिक्षण कमान की भूमिका और प्रशिक्षण गतिविधियों को अनुकूलित करने में हाल की पहल और भारतीय वायुसेना की समग्र परिचालन तैयारियों को बढ़ाने की दिशा में प्रशिक्षण की दक्षता में सुधार करने में आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कमान के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए सीडीएस चौहान ने सामान्य और समान परिसंपत्तियों से संबंधित प्रशिक्षण आयोजित करने में सेवाओं के बीच तालमेल बनाने के लिए सभी कर्मियों के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने प्रशिक्षण के संचालन के लिए राष्ट्र के दुर्लभ संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग करने के लिए संयुक्त प्रयासों को और बढ़ाने की आवश्यकता को रेखांकित किया और सभी अधिकारियों से राष्ट्र की परिचालन शक्ति को बढ़ाने के लिए पेशेवर उत्कृष्टता का प्रदर्शन जारी रखने का आग्रह किया।

## 400 पार का नारा एक मजाक: कपिल सिब्बल

**नई दिल्ली:**

**कलकत्ता** हाई कोर्ट ने तृणमूल सरकार (टीएमसी सरकार) की ओर से वर्ष 2010 के बाद जारी सभी ओबीसी प्रमाणपत्र को रद्द कर दिया। इस पर वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने प्रतिक्रिया दी। हालांकि, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाई कोर्ट के इस फैसले का विरोध किया है। इस मामले में सिब्बल ने प्रतिक्रिया दी। लोकसभा चुनाव को लेकर सिब्बल ने देश की सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा पर



कटाक्ष किया। उन्होंने लोगों से भाजपा के 400 पार के दावे को गंभीरता से लेने से मना किया।

**लोकसभा चुनाव को लेकर**

**भाजपा को घेरा**

**लोकसभा चुना**व को लेकर भी कपिल सिब्बल ने भाजपा पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, "जो जानकारी मुझे मिल रही वह यह है कि पांचवें, छठें और सातवें चरण में बदलाव हुए हैं। जो रफ्तार पांचवें और छठें चरण में देखा गया, बाकी के चरणों में ऐसा नहीं हुआ।

वे महंगाई, बेरोजगारी और अन्य मुद्दों को उठा रहे हैं। इन चरणों में भाजपा को काफी नुकसान देखने को मिलेगा। अगर मुस्लिम, ओबीसी, एससी, एसटी और यादवों का समीकरण बनाया जाए, तो यह भापजा के लिए नुकसान साबित होगा।"

## बादशाहपुर से निर्दलीय विधायक राकेश दौलताबाद का हार्ट अटैक से निधन

**गुरुग्राम**

**गुरुग्राम** के बादशाहपुर विधानसभा से निर्दलीय विधायक राकेश दौलताबाद का हार्ट अटैक से निधन हो गया है। सुबह करीब 10 बजे अचानक तबीयत खराब होने पर पालम विहार के कोलंबिया अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया था। राकेश दौलताबाद के निधन की खबर से हर कोई दुखी है। अस्पताल में उनके समर्थक पहुंचे हैं। वहीं, जेजेपी से लोकसभा प्रत्याशी राहुल फाजिलपुरिया और भाजपा नेता मुकेश पहलवान भी अस्पताल पहुंचे हैं। बादशाहपुर से निर्दलीय के रूप में विधानसभा में पहुंचे राकेश दौलताबाद इसी सीट पर निर्दलीय व इंडियन नेशनल लोकदल के टिकट पर दो बार चुनाव मैदान में उतरे, दोनों ही बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। तीसरी बार उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़कर भाजपा के मनीष यादव को हराया था।

## कोविड-19 के कारण लगभग दो साल घट गई है लोगों की औसत आयु

**नई दिल्ली**

**वैश्विक स्तर** पर जारी कोरोना महामारी को चार साल से अधिक का समय बीत गया है। इस दौरान कोरोना के वैरिएंट्स में कई बार म्यूटेशन हुआ और संक्रमितों में हल्के से लेकर गंभीर स्तर के लक्षण रिपोर्ट किए गए। कोरोना का खतरा अभी भी थमा नहीं है। हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वायरस में एक बार फिर से म्यूटेशन हुआ है, जिससे उत्पन्न नया सब-वैरिएंट कई देशों में संक्रमण बढ़ाता हुआ देखा जा रहा है। सिंगापुर की स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां पर दो सप्ताह में ही कोरोना के मामलों में 90 फीसदी से अधिक की वृद्धि रिपोर्ट की गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के विशेषज्ञों ने सभी लोगों को कोरोना से बचाव को लेकर लगातार सावधानी बरतते रहने की अपील



की है। कोरोना के जोखिमों को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बड़ी जानकारी भी साझा की है। रिपोर्ट में डब्ल्यूएचओ ने कहा कोविड-19 के कारण वैश्विक जीवन प्रत्याशा में लगभग दो साल की कमी आ गई है। जीवन प्रत्याशा या लाइफ एक्सपेक्टेंसी उन अतिरिक्त वर्षों की औसत संख्या का अनुमान है जो एक निश्चित आयु का व्यक्ति जीने की उम्मीद कर सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा, पिछले एक दशक में लाइफ एक्सपेक्टेंसी में बेहतर सुधार देखा जा रहा था। हालांकि कोविड-19 के कारण इसमें गिरावट आ गई है।

संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कोविड-19 महामारी ने संपूर्ण स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित किया है, संक्रमण के कारण लोगों में कई प्रकार की बीमारियां भी विकसित होती देखी गई हैं। इन परिस्थितियों ने लाइफ एक्सपेक्टेंसी को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। कोविड-19 के कारण वैश्विक जीवन प्रत्याशा 1.8 वर्ष गिरकर अब 71.4 वर्ष रह गई है। साल 2012 में भी जीवन प्रत्याशा इसी के आसपास थी।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन : मेजा में हुआ 52.60 प्रतिशत मतदान

## कड़ी धूप में घंटो मतदाताओं को लाइन में खड़े रहकर करना पड़ा अपनी बारी का इंतजार

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** लोकसभा चुनाव 2024 के छठवें चरण में मेजा सुरक्षित लोकसभा सीट में प्रशासन के बदइंतजामी के बीच 52 .34 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है सूचना विभाग के द्वारा दिए गए जानकारी के मुताबिक मेजा जनपद का फाइनल मतदान प्रतिशत 52. 34 प्रतिशत रहा तमाम मतदान केंद्रों में मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किया गया जबकि कई महीने से मतदाता सूची बनाए जाने की जिम्मेदारी अधिकारियों को दी गई थी उसके बाद भी मतदाता सूची पूरी तरह से दुरुस्त नहीं हो सकी जिससे लोकसभा चुनाव 2024 में मेजा सुरक्षित सीट पर मतदान प्रभावित हुआ और मतदान का प्रतिशत नहीं बढ़ सका तमाम मतदान केंद्र पहुंचे मतदाताओं का नाम जब सूची में नहीं मिला तो मतदान केंद्र से तमाम मतदाताओं को बिना मतदान किए वापस लौटना पड़ा लोकसभा चुनाव मेजा सुरक्षित सीट पर प्रशासनिक वद इंतजामी की हालत यह थी कि कड़ी धूप के बीच मतदाताओं को छावनी की व्यवस्थाएं नहीं की गई जिससे कड़ी धूप में घण्टो मतदाताओं को लाइन में खड़े होकर अपनी बारी आने का इंतजार करना पड़ा शरीर से कमजोर शुगर ब्लड प्रेशर हार्ट और विभिन्न गम्भीर मर्ज से पीड़ित तमाम मतदाता घण्टो लाइन में खड़े होने के चलते बेचैन हो उठे हैं जबकि निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्र में छावनी की व्यवस्था कराए जाने का निर्देश दिया था लेकिन मतदान केदो में छावनी की पर्याप्त व्यवस्था प्रशासन नहीं कर सका जिससे लोकसभा चुनाव में प्रशासनिक बदइंतजामी का अंदाजा लगाया जा सकता है मतदान कर्मियों के बैठने के स्थान पर तो कूलर पंखे की व्यवस्था की गई थी लेकिन जिन्हें सरकार चुनने का अधिकार है उन मतदाताओं को घण्टो कड़ी धूप में खड़े होकर मतदान करने के लिए इंतजार करना पड़ा उन्हें कूलर पंखे की व्यवस्था नहीं मिली उन्हें बैठने की व्यवस्था नहीं मिली उन्हें पानी पीने की व्यवस्था नहीं मिली जिससे कड़ी धूप में तमाम मतदाता व्याकुल रहे बदइंतजामी के बीच मतदाताओं की सुनने वाला कोई नहीं था। मेजा विधान सभा के कई मतदाता सूची में गड़बड़ी के चलते प्रशासनिक बदइंतजामी से तमाम मतदाताओं से उनके अधिकार छीन लिए गए हैं उन्हें मतदान करने से वंचित कर दिया गया है मतदाता सूची में मतदाताओं का नाम शामिल कर दिया जाता तो उन्हें मतदान करने का अधिकार मिल जाता लेकिन बदइंतजामी के चलते मतदाता सूची में तमाम मतदाताओं का नाम शामिल नहीं किया गया जिससे मतदाताओं को अपने अधिकार से वंचित कर दिया गया है जो प्रशासन की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है आखिर किस साजिश के तहत तमाम मतदाताओ के नाम मतदाता सूची में शामिल नही हो सका है या फिर सरकारी मशीनरी की लापरवाही के चलते मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में छूट गए हैं।

# उमापुर में सार्वजनिक रूप से मतदान बहिष्कार किया गया, चर्चाएं क्षेत्र में तरह तरह फैली



**मांडा।** लोकतंत्र के इस महापर्व पर छठवें चरण का मतदान पूरे देश में हुआ और सभी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया लेकिन मांडा क्षेत्र के उमापुर कला गांव में सार्वजनिक रूप से मतदान का बहिष्कार किया गया वहां के गांव वालों का कहना है कि हमारे लिए रोड नहीं तो वोट नहीं गांव वालों का कहना है कि जब तक सरकार हम लोगों को रेलवे लाइन क्रॉस करके मेन रोड से रास्ता नहीं देगी तब तक हम लोग चुनाव का बहिष्कार करेंगे आपको बताते चले पिछले कई बार राजनेताओं के द्वारा उनको आश्वासन दिया गया था कि आपकी समस्या का समाधान हो जाएगा लेकिन अभी तक नहीं हो पाया जिसके कारण गांव वालों ने यह निर्णय लिया।जब इसकी सूचना आज प्रशासन को पड़ी तो एसडीएम मेंजा और थाना अध्यक्ष मांडा सहित तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे और गांव वालों को काफी समझाया बुझाया लेकिन वह अपनी बात पर कायम रहे इसलिए वहां मतदान नहीं हो सका ।वही बगल के गांव बादपुर मतदान स्थल पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्षा प्रयागराज श्रीमती रेखा सिंह और पूर्व ब्लाक प्रमुख मांडा अशोक सिंह अपने पूरे परिवार के साथ मतदान किए। .

# लालापुर क्षेत्र में भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ सकुशल संपन्न हुआ मतदान

**लालापुर।** लोकसभा चुनाव के छठवें चरण के मतदान मे लालापुर क्षेत्र का चुनाव पुलिस की मुश्तैदी से शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। पुलिस द्वारा पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर लोगों को अधिक से अधिक संख्या मे वोटिंग करने के लिए अपील किया जा रहा था। लालापुर पोलिंग बूथ पर 821, मंदुरी मे 438, चकशिवचेर मे 440, नौढ़िया मे 681, अमिलिया मे 1244, महेरा मे 703, प्रतापपुर मे 643, बेलामुंडी मे 922, गोबरा मे 500, छतहरा मे 1840 मतदाताओं ने मतदान किया। सुबह से ही मतदाताओं मे मतददान के लिए जोश देखा गया और लोगों ने बढ़ चढ़कर लोकतंत्र के इस पर्व पर अपना मतदान किया। बता दें कि सुबह से शाम तक पुलिस टीम हर पोलिंग बूथ पर डटी रही। एसीपी बारा संतलाल सरोज ने भी क्षेत्र मे भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली साथ ही अनावश्यक घूम रहे लोगों को सख़्त हिदायत दी।

### सुबह से शाम तक क्षेत्र मे मुस्तैद दिखी पुलिस, अराजक तत्वों पर रखी पैनी नजर

लालापुर पुलिस लगातार क्षेत्र मे भ्रमण कर अराजक तत्वों पर भी कड़ी निगरानी करती दिखी। पुलिस द्वारा चेतावनी दी गई कि पोलिंग बूथ के आसपास कोई भी नहीं दिखेगा और यदि किसी ने शांति माहौल बिगाड़ने की कोशिश की तो उस पर कठोर कार्रवाई करते हुए तत्काल जेल भेज दिया जायेगा। क्षेत्र मे सभी दुकानदारों को भी कड़े निर्देश मे हिदायत दिया गया कि चुनाव के समय तक दुकान बिल्कुल नहीं खुलेगी और खुलेगी तो बिल्कुल भीड़ नहीं दिखनी चाहिए। कहीं भी भीड़ इकठ्ठा हुई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र के डेराबारी निवासी 109 वर्षीय वयोवृद्ध मतदाता राम निरंजन मिश्र ने राष्ट्र हित में मतदान कर मिशाल प्रस्तुत किया।

# मेजा में प्रसव के दौरान महिला की हालत बिगड़ी, हुई मौत

## परिजनों ने अस्पताल पर किया हंगामा,रामनगर बाजार में ऐसे कई अवैध हॉस्पिटल संचालित हैं जहां आए दिन इस तरह की घटना घट जाती है, सीएमओ बने अनजान

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा थाना क्षेत्र सिरसा चौकी अंतर्गत रामनगर बाजार में एक मां शीतला अस्पताल में ऑपरेशन से बच्चे को जन्म देने के बाद प्रसूता की हालत बिगड़ गई। उसे जबरन शहर रेफर कर दिया गया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजन शव लेकर अस्पताल पहुंचे। इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा कर दिया। सूचना पर चौकी प्रभारी सिरसा मय फोर्स मौके पर पहुंचकर पहुंची मोर्चा संभाला। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के बिगहनी गांव निवासी संदीप भारतीया की पत्नी काजल भारतीया को प्रसव पीड़ा हुई तो 23 मई को घर के लोग रामनगर चिरैया मोड़ बाजार में संचालित शीतला हास्पिटल में भर्ती कराया। जहां आपरेशन के बाद 24 मई को प्रसूता ने बच्चे को जन्म दिया। कुछ ही घंटों में प्रसूता काजल भारतीया की हालत गंभीर हो गई तो अस्पताल संचालक द्वारा शहर रेफर कर दिया गया। परिवार के लोग शहर स्थित अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में प्रसूता ने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर वापस लौटे और शीतला अस्पताल रामनगर में इलाज में लापरवाही का आरोप लगा हंगामा कर दिया। मृतका काजल भारतीया

का मायका मेजा थाना क्षेत्र के उसकी जरार गांव में है। घटना की सूचना पर मायके वाले भी रोते-बिलखते पहुंचे। गौरतलब हो कि दो महीने के अंदर रामनगर में संचालित एक हास्पिटल में भी एक प्रसूता की मौत हो गई थी। जिसमें चिकित्सा विभाग ने कार्रवाई करते हुए उक्त अस्पताल को सीज कर दिया था। वहीं दो महीने के अंदर यह दूसरी घटना है। देखा जाए तो चंद रुपयों की लालच में प्राइवेट अस्पताल संचालकों द्वारा मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रयागराज स्वास्थ्य विभाग कर रहा है अनदेखी समय रहते अगर अस्पतालों पर कार्रवाई करती तो आज ऐसी घटना ना घटती। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल अब देखना है कि प्रयागराज सीएमओ क्या कार्रवाई करते हैं जिससे परिवार को इंसाफ मिल सके।

# मतदाताओं ने दबाया अपने-अपने प्रत्याशियों का बटन नए वोटरों में दिखा उत्साह

**सहसों।** लोकतंत्र के इस चुनावी महापर्व के दिन 51 लोकसभा क्षेत्र फूलपुर के महिला पुरुष मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए अपने-अपने प्रत्याशियों का ईबीएम मशीन में लगे बटन को दबाकर वोट दिए। लोकसभा क्षेत्र के सहसों बाजार स्थित मतदान स्थल शिवाजी इंटरमीडिएट कॉलेज में बने चार बूथों पर मतदाताओं द्वारा बड़े ही उत्साह से शांतिपूर्वक वोट डाले गए। साथ ही क्षेत्र के सिंगरामऊ, चंदरपुर उर्फ बसमहुआ, कांदी, रामनगर, चकिया घरहरा, कसेरुआ, बभनकुईयां, जगबंधन पुर, रामनाथ पट्टी, देवनहरी, बगई सहित आदि गांवों के मतदान स्थलों पर सुबह 7:00 से शुरू होकर सायंकाल 6:00 बजे के बीच जाकर मतदाताओं ने पहले मतदान फिर जलपान के तहत ईवीएम मशीन में बने चुनाव चिन्ह के सामने बटन दबाकर मत का प्रयोग करते हुए मतदाताओं ने प्रत्याशियों का किस्मत उनके भाग्य पर छोड़ दिए। लोकसभा क्षेत्र के बगई कला के प्राथमिक विद्यालय में बने मतदान केन्द्र पर जाकर ब्लॉक प्रमुख सहसों गीता सिंह उनके पति राकेश बहादुर सिंह पहुंच कर उत्साह के साथ मतदान किया। वहीं जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल सहसों में एवं वरिष्ठ समाज सेवी व प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू ने मतदान केन्द्र बभनकुईयां पर जाकर वोट डालें। महापर्व के इस अवसर पर नए वोटरों में खूब उत्साह दिखाई दिया। नए वोटरों में अवनीश शुक्ल, उत्तम गुप्ता, शेफाली, पूनम मौर्या, सूर्य प्रकाश, कशिश एवं सपना मौर्या आदि ने बड़े ही उत्साह के साथ अपने-अपने वोट डालते हुए कहा कि पहली बार वोट डालने पर बड़ी ही खुशी मिली और हम लोगों ने देश हित, शिक्षा, छात्रों, प्रतियोगी छात्रों एवं रोजगार के बारे में अच्छे कार्य के लिए एक अच्छी सरकार के पक्ष में हम लोगों ने वोट दिए हैं। नए वोटरों में पहली बार वोट डालने पर बड़ी ही प्रसन्नता हुई है।

# मांडा,गौरैया में घंटो मतदान बाधित मतदाता मतदान के लिए लामबंद

**मांडा।** शनिवार को लोकतंत्र के पर्व यानी मतदान के दिन को लेकर मतदाता काफी उत्साहित रहे। क्योंकि लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करके अपनी पसंद की सरकार चुनने का मौका मिला है। इसी बीच प्रचंड गर्मी ने भी अपना बिकराल रूप दिखाया था। उसके बाद भी पहली बार मतदान का प्रयोग करने वाले युवा वोट देने के लिए जुटे रहे। मांडा क्षेत्र के मांडा खास,भारतगंज,आदि दर्जन भर से अधिक मतदान स्थल पर ग्राम प्रधानों ने भी अपने बूथों को फूल मालाओं व गुब्बारों से सजाकर मतदाताओं को लुभाने का कार्य किया और मतदाताओं के लिए बूथ के बाहर पानी की व्यवस्था की गई थी। दूसरी तरफ मांडा क्षेत्र के गिरधरपुर( भरथीपुर ), बघौरा, दंडपानपुर, सिकरा, खुरमा, साड़ी, तिसेन, सुरवादलापुर, महुआव, गौरैया कला, चिलबिला, महेवा



कला, हंडिया ,बादपुर, बामपुर, नहवाई, भरारी, बेदौली, कोसड़ा कला, सिरौठी, दोहथा, पियरी , गेरुआडीह, ऊचडीह, हाटा कूदार आदि सैकड़ों मतदान स्थल पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहे। लेकिन चिलचिलाती धूप में मतदाताओं ने मतदान करने के लिए लाम बंद हुए। वहीं मांडा खास के बूथ संख्या 328,329,330 की मशीन खराब होने से घंटो मतदान बाधित रहा। उक्त मतदान बूथ की मशीन खराब होने पर मतदाताओं एजेंटों ने बताया कि वह बूथ मुस्लिम समुदाय का होने के कारण ऐसा हुआ था। जिसकी चर्चा क्षेत्र में तरह तरह की फैली हुई है। इसी क्रम में गौरैया कला में बूथ संख्या 276 की मशीन खराब होने से मतदान घंटों बाधित रहा। वहीं मांडा क्षेत्र के गिरधरपुर ग्राम पंचायत के भरथीपुर मतदान केन्द्र पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व गरीबों के मसीहा मानने वाले समाज सेवी की एक भी दाव पेंच काम नहीं किया। इसका परिणाम विधान सभा उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों एवं राष्ट्रवाद पर हुआ मतदान : घनश्याम पांडेय

**जंघई।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण का मतदान शनिवार को संपन्न हो गया, मतदाताओं ने अपने लोकतांत्रिक कर्तव्यों का निर्वहन किया एवं राजनीतिक व्यक्तियों ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया।पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रतापपुर एवं भाजपा नेता इंजीनियर घनश्याम पांडेय एवं उनकी धर्मपत्नी जिला पंचायत सदस्य बृजकुमारी पांडेय द्वारा जंघई बूथ पर मतदान किया गया। घनश्याम पांडेय ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण विश्वास जताते हुए राष्ट्रवाद, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास के नाम पर मतदान किया।500 वर्ष से प्रतिक्षित भगवान श्रीराम के अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण से प्रशन्न लोगों ने भी भाजपा एवं एनडीए गठबंधन प्रत्याशी डॉ विनोद बिंद को मतदान किया भदोही लोकसभा क्षेत्र से कमल खिलेगा यह हम लोगों को पूर्ण विश्वास है।इस बीच, छठे चरण के



मतदान के दौरान पहली दफा वोट करने जा रहे मतदाताओं का उत्साह भी दिखा किसी ने कहा कि उसने विकास के नाम पर वोट किया है तो किसी ने कहा कि उसने देश की सुरक्षा के नाम पर वोट किया फिर किसी ने कहा कि उसने शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों को ध्यान में रखते हुए मतदान किया है।बघेड़ी गांव में मशीन खराब होने के कारण डेढ़ घंटे दूसरी मशीन आने के बाद मतदान शुरू हुआ।

# शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर नैनी कोतवाली प्रशासन के साथ एसपीओ टीम भी रही तैनात

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मतदान के दौरान शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस उपायुक्त यमुनानगर एसीपी करछना उपजिलाधिकारी करछना एवं नैनी कोतवाली प्रभारी के आदेशानुसार विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम प्रभारी अभयराज सिंह के निर्देश पर नैनी कोतवाली अंतर्गत पोलिंग बूथों पर चौकी प्रभारियों के साथ एसपीओ टीम के सदस्यों की ड्यूटी लगाई गई। सभी एसपीओ टीम के जवानों को नैनी कोतवाली इंचार्ज यशपाल सिंह ने मतदान क्षेत्र में लगाएं गये समस्त चौकी प्रभारियों के साथ दों दो जवानों को तैनात किया। मतदान के दौरान सभी पोलिंग बूथों पर नैनी कोतवाली की पुलिस के जवान दिन भर गश्त करते रहे। सभी मतदान केंद्रों पर शांति पूर्ण और सुरक्षित मतदान हो सके इसके लिए विशेष प्रबन्ध किये गये।लोक सभा चुनाव के दौरान तैनात



जवानों की ड्यूटी यह दशार्ती है कि आपकी सुरक्षा के लिए हम तैनात है।आप सुरक्षित मतदान करे। इसको लेकर पहले से ही एक ओर जिला प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी कर ली गयी थी तो दूसरी ओर जिले की सुरक्षा व्यवस्था भी टाइट कर दी गयी। मतदान शांतिपूर्ण हो इसके लिए स्थानीय पुलिस के साथ नैनी कोतवाली में विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम के सभी सदस्य उपप्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली के नेतृत्व में सुबह 6 बजे से तैनात रहे। एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह ने बताया कि चुनाव एक पर्व है ऐसे में विशेष नागरिक एवं समाज सेवा के नाते उनकी यह जिम्मेदारी होती है कि मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये। ताकि बेहतर देश का निर्माण हो सके। चुनाव का समय आने के साथ ही उनकी टीम को बता दिया जाता है कि इस माह से संभवतः चुनाव प्रक्रिया का शुभारंभ हो जायेगा?।ऐसे में हम लोग अपनी सेवाएं देने के लिए रेडी मोड में आ जाते है। ड्यूटी शुरू होने के पूर्व हमें प्रशासन के द्वारा जो दिशा निर्देश दिया जाता है उसके के अनुसार हम लोग कार्य करते है?।इस दौरान एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविन्द्र सिंह मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल रामजी जायसवाल समीर खान प्रदीप कुमार सुशील शर्मा पंकज मलिक तौसीफ खान दीपक केसरवानी दिनेश कुमार सोनकर सोनू भारतीया दिनेश केसरवानी रमेश केसरवानी राकेश सोनकर रामजी गौड़ शुभम अंकित बृजेश वर्मा सुरेन्द्र गुप्ता आरिफ अरविंद कुमार आदि रहे।

# ईवीएम खराब होती रही मतदाता हैरान होते रहे

**मऊआइमा** के स्टैंडर्ड इंटर मीडिएट कालेज में सुबह सुबह बूथ संख्या 56,57,58 का ईवीएम खराब होने पर मतदाओं में आक्रोश व्याप्त हो गया। बहरहाल अधिकारियों ने आधा घंटे के बाद ईवीएम का इंतजाम कर नई ईवीएम मशीन लाए। इसी प्रकार नगर पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में बूथ संख्या 54 , आजाद मेमोरियल प्राइमरी बूथ संख्या 60 को सुबह ही ईवीएम ने जवाब दे दिया ईवीएम खराब होने के बाद दूसरी ई वी एम मशीन आयी।





# शंकरगढ़ में सांझ ढलने तक लगी रही मतदाताओं की कतार

**बारा/शंकरगढ़।** छठवें चरण के लिए सुबह सात बजे से शुरू हुआ मतदान दिनभर शांतिपूर्ण ढंग से चला। कुछेक केंद्रों पर छिटपुट विवाद, मशीनों के खराब होने और मतदान के बहिष्कार की खबरें भी रहीं। प्रयागराज में करेली के साठ फीट रोड पर स्थित पोलिंग सेंटर में पूर्व सांसद कुंवर रेवतीरमण सिंह (कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वलरमण सिंह के पिता) बिना पास के ही अंदर जाने की कोशिश कर रहे थे।पुलिस ने मना किया, लेकिन बात नहीं बनने पर पुलिस सांसद को उन्ही की गाड़ी में करेली थाने लेकर चली गई। आज हुए मतदान में यूपी की कुल 14 सीटों के लिए वोट डाले गए। यमुनापार के शंकरगढ़ क्षेत्र में सांझ ढलने तक मतदाताओं की कतार देखी गई। जिले में छिटपुट समस्याओं को छोड़ दोपहर तक मतदान शांतिपूर्ण रहा। सुबह नौ बजे तक फूलपुर और इलाहाबाद सीट पर वोटिंग काफी धीमी रही। हालांकि दो बजे तक दोनों सीटों के प्रत्याशियों की नजर आई। पुलिस व प्रशासन के उच्चाधिकारी लगातार भ्रमण पर रहे। डीसीपी (यमुनानगर) श्रद्धा पांडेय ने खीरी, मेजा, शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के मतदान केंद्रों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थआ का जायजा लिया और मातहत




अफसरों को हर वक्त एलर्ट रहने के लिए निर्देशित किया। इसी तरह एसीपी संतलाल सरोज भी अपनी टीम के साथ दिनभ? मोबाइल रहे और क्रिटिकल सेंटर्स की जांच करते रहे।





# शतक पार वृद्धा ने केन्द्र पर पहुंचकर किया मतदान





अखंड भारत संदेश

**सहसों।** 51 लोकसभा फूलपुर क्षेत्र में एक सौ एक वर्षीय वृद्ध महिला ने मतदान केन्द्र पर लोगों के लिए आदर्श साबित हुई। लोकसभा क्षेत्र के सिताऊकापुरा गांव निवासी चन्द्रपति देवी (101) पत्नी स्वर्गीय राम अधार दुबे शनिवार को फूलपुर लोकसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पुरुषोत्तमपुर उर्फ गारापुर में बड़े ही उत्साह के साथ घर से पहुंचकर बूथ संख्या 411 पर अपनी बहू शांती दुबे के साथ मतदान किया। मतदान के बाद वह काफी खुश थीं। उन्होंने कहा कि देश के सामने उम्र मायने नहीं रखता। राष्ट्र हित में सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए। एक जागरूक मतदाता का यही पहचान एवं परम कर्तव्य है।

# इलाहाबाद लोकसभा में 51.75 प्रतिशत तो फूलपुर में 48.92 प्रतिशत पड़ा मतदान

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रति सरकार द्वारा जागरुकता अभियान तपती दुपहरी के आगे बौना साबित हुआ। इलाहाबाद लोकसभा 51.75 प्रतिशत मतदान रहा तो फूलपुर 48.92 प्रतिशत मतदान रहा। दोनों लोकसभा में मतदान प्रतिशत के मामले में इलाहाबाद लोकसभा मामूली बढ़त में रहा। इलाहाबाद लोकसभा के विधान सभावार में बारा 57.58 प्रतिशत मतदान कर सबसे आगे रहा। और इलाहाबाद दक्षिणी 40.32 प्रतिशत मतदान कर सबसे पीछे रहा। और इसी तरह फूलपुर लोकसभा के विधान सभा में फूलपुर विधान सभा 56.18 प्रतिशत कर सबसे आगे रहा तो इसी विधान सभा के शहर उत्तरी 37.07 प्रतिशत मतदान कर सबसे पीछे रहा।

**इलाहाबाद लोकसभा 52के विधान सभा वार मतदान का प्रतिशत इस तरह रहा-**

| | |
|---|---|
| इलाहाबाद दक्षिणी- | 40.32 |
| बारा- | 57.58 |
| करछना- | 53.88 |
| कोरांव- | 56.07 |
| मेजा- | 52.34 |

**फूलपुर लोकसभा 51 के विधान सभा वार मतदान का प्रतिशत इस तरह रहा -**

| | |
|---|---|
| शहर उत्तरी- | 37.07 |
| पश्चिमी- | 44.82 |
| फाफामऊ- | 52.93 |
| फूलपुर- | 56.18 |
| सोरांव- | 53.64 |



## मेड ने अफसर की पत्नी के दो लाख उड़ाए, दर्ज कराया केस

**प्रयागराज।** घर में झाड़ू-पोछा करने वाली मेड ने मालकिन के पर्स दो लाख रुपए उड़ाए और मोबाइल बंद कर लापता हो गई। जार्जटाउन थाने में बिजली विभाग के उपखंड अधिकारी हर्ष गुप्ता ने मेड खुशी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। घटना के बाद नौकरानी का मोबाइल नंबर बंद है। सीसीटीवी फुटेज चेक की जा रही है।गोरखपुर के कैंपियरगंज के रहने वाले हर्ष गुप्ता बिजली विभाग में उपखंड अधिकारी नैनी के पद पर कार्यरत हैं। वह जार्जटाउन में पन्नालाल रोड स्थित पुष्प विला में परिवार संग रहते हैं। उन्होंने जार्जटाउन थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी पत्नी के बैग से रुपए चोरी हो गए। यह रुपए पत्नी के पिता उसे उपहार में देते आ रहे हैं। बैग में लगभग दो लाख रुपए थे। हर्ष गुप्ता का कहना है कि नौकरानी खुशी ने ही उनके घर से नकदी गायब की है। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों से घर में घरेलू कार्य के दौरान वह ताक झांक करती रहती थी। एकाएक नौकरानी गायब हो गई। उसका मोबाइल भी बंद हो गया। पत्नी ने अपना पर्स चेक किया तो दो लाख रुपए गायब थे। पुलिस खुशी नामक नौकरानी के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस ने नौकरानी की आईडी भी मांगी है।

# चढ़ते तापमान के साथ घटता रहा मतदान प्रतिशत सुबह और शाम के समय अधिक हुआ मतदान

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** छठे चरण के मतदान का दिन लोगों के लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं था। एक तरफ जहां सूर्य की तपिश सुबह से ही लोगों के होश उड़ा रही थी। वहीं उमस के कारण माथे का पसीना रुकने का नाम नहीं ले रहा था। जिसका असर साफ तौर पर मतदान पर देखने को मिल रहा था। सुबह करीब नौ बजे तक तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रहा। जिसके चलते लोगों ने घर से निकलकर वोट डालने की ताकत जुटाई। ऐसे में सुबह नौ बजे तक फूलपुर में 7.45 तो इलाहाबाद में 9.37 फीसदी मतदान हुआ।वहीं नौ बजे के बाद सुबह 11 बजे तक तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इस दौरान उमस भी लोगों पर हावी होने लगी। इसके बावजूद भी वोटिंग प्रतिशत कुछ खास प्रभावित नहीं हुआ और सुबह 11 बजे तक फूलपुर 22.78 तो इलाहाबाद लोकसभा 23.83 फीसदी रहा। मगर 11 बजे के बाद तापमान में वृद्धि होनी शुरू हो गई। जिसके बाद दोपहर एक बजे तक पारा 42 के पार पहुंच गया। कई मतदान केंद्रों में सन्नाटा पसर गया।जिसके बाद दोहपर तीन बजे तक फूलपुर में 39.46 और इलाहाबाद में 41.04 फीसदी ही मतदान हो पाया। वहीं दो बजे के बाद अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जिसके परिणाम स्वरुप शाम छह बजे तक कुल मतदान फूलपुर में 48.94 व इलाहाबाद में 51.75 फीसदी तक ही हो पाया। इस वर्ष उम्मीद थी, कि वोटिंग प्रतिशत में कुछ बढ़ोत्तरी होगी। मगर कोई खास अंतर देखने को नहीं मिला। जिसके पीछे उमस भरी गर्मी भी एक बड़ा कारण नजर आ रही थी।

# इलाहाबाद संसदीय सीट में मतदान कम होना बीजेपी के लिए खतरे की घंटी

अखंड भारत संदेश

**करछना।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण का मतदान 25 मई को संपन्न हो चुका है।वहीं,लोकसभा चुनाव के लिहाज से देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मतदाताओं में वोटिंग के प्रति कम रुचि दिखलाई पड़ी।चुनाव आयोग के मुताबिक पिछले 2019 के लोकसभा चुनाव में इलाहाबाद संसदीय सीट में कुल 53.4% मतदान हुआ था,जबकि इस बार 2024 के चुनाव में 51.75 % ही मतदान हो सका,जोकि पिछली बार की तुलना में 1.95 % कम है। इलाहाबाद सीट प्रदेश की सबसे हॉट सीट मानी जा रही है।जहां दो दिग्गज नेताओं दिवंगत केसरीनाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी और कुँवर रेवती रमन सिंह के पुत्र उज्ज्वल रमण सिंह आमने सामने एक दूसरे को काटें की टक्कर देते दिखाई पड़ रहे हैं।लेकिन इसके बावजूद भी वोटिंग पिछले चुनाव के मुकाबले कम मतदान हुआ। वोटिंग में आई इस गिरावट को कुछ चुनावी एक्सपर्ट्स बीजेपी के लिए अच्छा नहीं मान रहे हैं। पिछले चुनाव के मतदान प्रतिशत पर नजर डालें तो जब-जब कम वोटिंग हुई है तब-तब बीजेपी के जीतने का अवसर कम हुआ है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या इस बार यूपी की इलाहाबाद संसदीय सीट पर बीजेपी खराब प्रदर्शन करने वाली है। पोलिंग बूथ पर वोटर्स का न आना बीजेपी के लिए बुरी खबर मानी जा रही है।2014 और 2019 के वोटिंग परसेंटेज की तुलना 2024 के चुनाव से करें तो 2019 में इस सीट पर लगभग दो हजार कम मतदान हुआ था।फिर भी भाजपा की रीता बहुगुणा जोशी ने विजय हासिल किया था। प्रयागराज में प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अमित शाह की लगातार रैली के बाद यह माना जा रहा था कि इस बार वोट प्रतिशत 60 प्रतिशत से अधिक पड़ेगा,लेकिन ऐसा हुआ नही।हालांकि इस चुनाव में कम मतदान केवल इलाहाबाद सीट में ही नहीं बल्कि पूरे देश में कम हुआ। पिछले चुनावों से तुलना करें तो इस बार के चुनाव में वोटिंग को लेकर लोगों में उत्साह नहीं दिख रहा है। चुनावी विश्लेषक भी मतदान कम होने की अलग-अलग वजह बता रहे हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि बहुत से वोटर्स ये मानकर चल रहे हैं कि बीते दो चुनाव जैसे ही इस बार भी बीजेपी की ही जीत होने वाली है। इस वजह से वो मतदान में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इसके साथ ही इस बार मतदाता धर्म के आधार पर भी वोट डालने को तैयार नही हुआ। इन सभी एंगल्स को ध्यान में रखते हुए विश्लेषक ये मान रहे हैं कि इस बार भी चुनावों में बीजेपी की इलाहाबाद सीट पर जीत आसान नही है।

# पूर्व सांसद रेवती रमण पर चुनाव प्रभावित करने के आरोप में केस, पुलिस ने चालक समेत हिरासत में लिया

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** करेली में शनिवार को गठबंधन प्रत्याशी के पिता व पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह के मतदान केंद्र के बाहर पहुंचने पर हंगामा हो गया। सरकारी काम में बाधा पहुंचाने, आचार संहिता उल्लंघन के साथ चुनाव प्रभावित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर उन्हें मय चालक हिरासत में ले लिया गया। फिर आवश्यक कार्रवाई के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। मामले में चालक व 50 अज्ञात समर्थकों को भी आरोपी बनाया गया है। उधर पूर्व सांसद ने पुलिस पर अभद्रता का आरोप लगाया।पूर्व सांसद प्रयागराज लोकसभा सीट से गठबंधन प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह के पिता हैं। वह शनिवार शाम चार बजे के करीब अचानक करेली के 60 फीट रोड पर स्थित राजस्व प्रशिक्षण मतदान केंद्र के पास पहुंच गए। उनके पहुंचते ही वहां समर्थकों की भीड़ जुट गई। जानकारी पर पहुंचे एसीपी करेली पुष्कर वर्मा से उनकी नोकझोंक भी हुई। इसके बाद उन्हें थाने में लाकर मुकदमा पंजीकृत किया गया। बाद में प्रत्याशी उज्जवल रमण के पहुंचने पर उन्हें आवश्यक कार्रवाई के बाद छोड़ दिया गया। उधर सपा प्रदेश कार्यालय लखनऊ में निर्वाचन कार्य देख रहे



केके श्रीवास्तव ने कहा कि उन्होंने घटना के संबंध में प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से बात की है।

पुलिस का यह है आरोप : रिपोर्ट करेली थाने के दरोगा मनीष कुमार राय की तहरीर पर दर्ज की गई। इसमें बताया कि मतदान के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि कुंवर रेवती रमण सिंह वाहन में गनर के साथ आकर मतदान केंद्र लेखपाल प्रशिक्षण केंद्र के सामने रुके हैं। समर्थकों को अपने प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। मौके पर पहुंचने पर देखा कि वहां काफी भीड़ लगी थी। रेवती रमण फॉर्च्यूनर कार में चालक चंद्रशेखर व दो गनर संग बैठे थे। वाहन पास मांगने पर चालक ने जिला निर्वाचन, प्रयागराज का दिनांक 07/05/2024 को निर्गत वाहन पास दिखाया जिसमें 23.05.2024 की शाम 05:00 बजे तक अनुमति अंकित है। निर्देश के विपरीत पास वाहन के शीशे पर भी चस्पा नहीं था। वाहन के आगे दाहिने तरफ सपा का झंडा लगा था व अंदर तीन और झंडे लगे मिले। आरोप है कि समर्थक पुलिस के विरुद्ध मुदार्बाद का नारा लगाने लगे व अमर्यादित बातें करते हुए चुनाव बहिष्कार व किसी भी मतदाता को वोट नहीं डालने देने की बात कहने लगे। काफी समझाने के बाद भी शांत नहीं हुए और समर्थकों समेत पुलिस पार्टी पर सरकारी कार्य में बाधा डालने का प्रयास करने लगे।

**बोले-** मतदाताओं पर दबाव बनाने की मिली थी शिकायत : मतदाताओं को वोट नहीं डालने दिया जा रहा था। यह शिकायत मिलने पर मैं करेली गया। वहां पुलिस अफसर ने अभद्रता की। इसके बाद मुझे थाने चलने को कहा गया, जिस पर मैं थाने में जाकर बैठ गया। अभद्रता के मामले में मैं भी पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा लिखाऊंगा

**- रेवती रमण सिंह, पूर्व सांसद**

# वोटरलिस्ट से नाम गायब होने पर हंगामा

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** फूलपुर लोकसभा क्षेत्र के पूरे सूरदास झूंसी उच्च प्राथमिक विद्यालय में वोट डालने आये 300 लोगों का नाम वोटर लिस्ट से गायब होने पर सपाईयों ने हंगामा किया। सूचना पर एसडीएम फूलपुर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तो बूथ छोड़ सपाई भाग खड़े हुए। एमलसी मान सिंह यादव ने प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाया।

झूंसी के पूरे सूरदास उच्च प्राथमिक विधायलय में दो बूथ बने थे दोनों में कुल 1788 वोटर है। सपाईयों का आरोप है कि यहां लगभग 300 लोगों के नाम काट दिए गए हैं जिसकी सूचना पर एसडीएम फूलपुर फोर्स के साथ मौके पर पहुंची है और वोटर लिस्ट से नाम मिलान करने के लिए सपा के बूथ पर पहुंचे तो बूथ पर बैठे सपाई हट गए। आरोप है कि एसडीएम फूलपुर सपा के बूथ से बस्ता उठा लगाए। जिसकी वजह से वोट नही पड़ पा रहा। मामले की जानकारी मिलते ही सपा के एमएलसी मानसिंह यादव, जिला अध्यक्ष अनिल यादव, दान बहादुर मधुर, रमेश यादव दर्जनों सपा कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाया मामले में एसीपी झूंसी ने बताया कि कुछ लोगो का नाम नई वोटर लिस्ट से गायब था। पुरानी लिस्ट से हाथ से लिखी पर्ची लेकर वोट डालने आ रहे थे और जबरन वोट डालने चाहते थे। वोटर लिस्ट मिलान कराने की बात कहने पर सपा कार्यकर्ता बूथ छोड़ कर हट गए। शाम 6 बजे तक इस बूथ पर 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ।

**प्रशासन पर लगाया पक्षपात का आरोप**



### वोटर लिस्ट से नाम गायब परेशान रहे मतदाता

झूंसी। गर्मी की वजह से शनिवार की सुबह सात बजे से ही बड़े पैमाने पर मतदाता बूथों पर वोट डालने पहुचने लगे थे। वही वोटर लिस्ट में नाम न होने की वजह से बड़े पैमाने पर मतदाता निराश भी हुए। वोटर लिस्ट से नाम गायब होने पर वे वोट नहीं डाल पाए। उन्होंने सूची में नाम खोजने के लिए बीएलओ से लेकर ऑनलाइन भी खोज किया। लेकिन नाम नहीं मिला। लोगो का कहना था कि परिवार के सदस्यों के वोट हैं लेकिन उनका नाम गायब है। कोटवा निवासी रेलवे से रिटायर्ड 65 वर्षीय अवधेश सिंह गर्मी में साइकिल से डेढ़ किमी दूर बने मतदान केंद्र पर आधार कार्ड लेकर भटक रहे थे। उनका कहना था कि उनका पिछले चुनाव में वोट था लेकिन इस बार नाम गायब है। बूथ की बैठी बीएलओ को लोगों ने घेरा हुआ था। अधिकांश मामले वोटर लिस्ट से नाम गायब के उनके पास पहुंच रहे थे। वोट को खोलने के लिए ऑनलाइन भी दिखवाया जा रहा था। लेकिन सफलता हाथ नहीं लग रही थी। अधिकांश बूथों पर वोटर लिस्ट से सैकड़ो लोगो के नाम गायब होने के मामले थे। इसी तरह नीबी गांव के बनवारी लाल यादव, रमेश चंद्र के भी नाम गायब थे। वोटर लिस्ट से नाम गायब होने की मायूसी मतदाताओं के चेहरे पर दिखाई दे रही थी। मतदान के लिए वे पर्ची लेकर भटक रहे थे। आरोप था कि बीएलाओ ने कहीं पर्ची पहुंचाई हैं और कहीं गायब कर दी हैं। चिलचिलाती धूप में वोट डालने आये कई मतदाता निराश ही लौट गए।

## न्यूज झरोखा

### पुलिस की फोर्स के साथ-साथ पैरामिलिट्री फोर्स भी रही मुस्तैद



**थरवई।** जैसा कि देखा जा रहा लोकसभा चुनाव सात चरणों में संपन्न हो रहा। जिसमें 25 मई को छठवें के चरण का चुनाव प्रयागराज जिले के साथ-साथ सुल्तानपुर , प्रतापगढ़ , फूलपुर , अम्बेडकरनगर , श्रावस्ती , डुमरियागंज , बस्ती , संत कबीर नगर , लालगंज (रउ), आजमगढ़ , जौनपुर , मछलीशहर , भदोही आदि जगह मतदान संपन्न हुआ। उसी क्रम में प्रयागराज अंतर्गत थरवई क्षेत्र में बने बूथों पर सकुशल मतदान हुए। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो जिसके लिए सभी पोलिंग बूथों पर पुलिस फोर्स की व्यवस्था रही वहीं संवेदनशील पोलिंग बूथ पर पुलिस फोर्स के साथ साथ पैरामिलिट्री फोर्स की भी व्यवस्थाएं की गई थी जो बड़े ही भव्य तरीके से सकुशल मतदान संपन्न हुआ। थरवई क्षेत्र अंतर्गत जुड़ी तीन विधानसभायें थीं जिसमें विधानसभा फाफामऊ, सोरांव व विधानसभा फूलपुर था। जिसके लिए 66 मतदान केंद्र 114 मतदेयस्थल बनाए गए थे । सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीपी गंगानगर अभिषेक भारती पूरे गंगानगर में बने मतदान केंद्रों का मॉनिटरिंग करते रहे व स्वयं पोलिंग बूथों पर पहुंचकर जायजा लेते रहे उसी क्रम में सहायक पुलिस आयुक्त थरवई चंद्रपाल सिंह भी अपनी टीम के साथ तीनों थानों अंतर्गत बने मतदान स्थलों पर निरीक्षण करते रहे। वहीं थाना थरवई प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार गौतम अपनी पूरी टीम के साथ थाना क्षेत्र थरवई अंतर्गत मतदान स्थलों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरीक्षण करते रहे। जो सकुशल मतदान दिवस संपन्न हुआ। वहीं पुलिस फोर्स में मौजूद रहीं महिला उपनिरीक्षक प्राची यादव, रिचा वर्मा साथ ही हरि ओम, अमित कुमार साथ ही पैरामिलिट्री जवान भी मौजूद रहे ।

### नैनी में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी पहुंच कर लोगों से मिले



**नैनी।** नैनी 25 मई शनिवार को छठवें चरण का मतदान कड़ी सुरक्षा के बीच शाम छः बजे समाप्त हो गया। नैनी में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी पहुंच कर लोगों से मिले और हाल-चाल लिए इसी कड़ी में दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे रमेश केसरवानी, पूर्व पार्षद हरि केसरवानी, संजय केसरवानी सीमेंट वाले, शशि शर्मा, हरिकृष्ण तिवारी बबलू , सुनील केसरवानी मामा, मंडल अध्यक्ष सुनील केसरवानी, घनश्याम जायसवाल, जय कृष्ण तिवारी, डब्लू जायसवाल, टुनटुन पांडे, विनोद केसरवानी, लोगों ने बताया कि मतदान शांति पूर्ण संपन्न हुआ। सुबह से ही भीषण गर्मी में मतदाताओं में जोश देखने को मिला। हालांकि कई बूथ पर मतदाताओं की लंबी कतार तो कहीं सन्नाटा पसरा रहा। मतदान को लेकर सुबह नौ बजे तक लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। वहीं तेज धूप और गर्मी के चलते 12 बजे के बाद मतदान केंद्र में सन्नाटा दिखाई देने लगा। शाम चार बजे के बाद एक बार फिर से मददाताओ को हुजूम वोटिंग करने के लिये मतदान केंद्र पहुंचा और शाम छः बजे तक वोटिंग की। मतदान का समय पूरा होने के बाद कड़ी सुरक्षा में ईवीएम मशीनों को मुंडेरा मंडी में बने स्ट्रांग रूम में भेज दिया गया।

### नैनी में पहली बार मतदान करने के बाद खुश दिखे युवा



**नैनी।** नैनी इलाहाबाद लोकसभा चुनाव के तहत औद्योगिक नगरी नैनी में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न शनिवार को हो गया। मतदाताओं ने भीषण गर्मी के बावजूद घरों से बाहर निकले और पोलिंग बूथ पर जाकर अपने अपने मतों का प्रयोग किया। कई ऐसे मतदाता थे। जिनका नाम पहली बार वोटर लिस्ट में आने से वह बहुत ही खुश थे। वह सभी एक समूह में जाकर पोलिंग बूथ पर अपने-अपने मतों का प्रयोग किया। वहीं लड़कियों ने भी पहली बार अपने मत का उपयोग किया। पहली बार मतदान का प्रयोग कर रही रक्षा गुप्ता, दीक्षा गुप्ता, रानी गुप्ता, आकांक्षा, सोनम, स्वीटी और अंतरा सहित कई लड़कियों ने बातचीत के दौरान बताया कि उनका नाम वोटर लिस्ट में आने के बाद वह पहली बार लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वह सभी चाहती हैं कि देश में एक सशक्त सरकार बनने। जिस पर हम सभी लड़कियों को गर्व महसूस हो।

### मतदाता सूची से नाम काटे जाने का आरोप

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में शाम को शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न हो गया।सभी केन्द्रों पर सुबह एक बार भीड दिखी शाम पांच बजे तक सारे मतदाता गायब हो गए। मतदाताओं को सबसे ज्यादा दुःख इस बात पर था कि वह हमेशा से वोट देते चले आ रहे हैं जब मतदान का दिन आया तो वोटर लिस्ट से नाम काट दिया गया।मतदाओं का आरोप है कि यह जानबूझकर कर एक शरारत की गयी है। हालांकि सुबह से शाम तक सभी मतदान केन्द्रों पर पुलिस का सख्त पहरा रहा कहीं से कोई अनहोनी का समाचार नहीं आया।

# उमस भरी गर्मी से घरों से नही निकल पाए मतदाता, ...कहीं पर ईवीएम खराब होने से घंटो मतदान बाधित

**सोरांव।** शनिवार को लोकसभा चुनाव के मतदान की प्रक्रिया समाप्त हो गई। मतदान की प्रक्रिया सुबह सात बजे से शाम छः बजे तक चला। हालांकि बूथों पर ईवीएम खराब होने की सूचना को छोड़ सभी बूथों पर मतदान शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ। मतदान पर कहीं पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना पर सेक्टर मजिस्ट्रेट संग थाने की फोर्स तुरंत पहुंचती थी। शनिवार को धूप ज्यादा होने के चलते सोरांव क्षेत्र के उदय चंद्र पुर बूथ को छोड़ दिया जाए तो मतदाताओं की भीड़ किसी भी मतदान केंद्रों पर ज्यादा नहीं दिखी। लोग आते गए और मतदान करते गए। कहीं पर गठबंधन की डोर मजबूत रही तो कहीं पर कमल को खिलाया गया। हालांकि कई बूथों पर हांथी की चिंघाड़ से भी इंकार नहीं किया जा सकता। हालांकि सोराव थाना क्षेत्र के 95 मतदान केंद्रों पर कुल मिलाकर के 155 बूथ बनाए गए थे। लेकिन कहीं पर भी किसी भी प्रकार की गड़बड़ी लोगों को देखने को नहीं मिली। वही मतदान औसत की बात करें तो सराय लाल खातून उर्फ शिवगढ़ मतदान केंद्र पर चार बूथों को मिलाकर कुल 3614 मतदाताओं में से 2141 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किए। इस प्रकार से 59% मतदान शाम 6 बजे तक डाला गया। वही उदयचंद पुर मतदान केंद्र पर मतदातों की भीड़ ज्यादा होने के कारण मतदाताओं की लंबी लाइन लगी रही। जिसको लेकर 1 घंटे विलंब तक वोट डाला गया। जहां पर भी ईवीएम खराब होने की सूचना मिली तो वहां पर तत्काल प्रभाव से दूसरे एबीएम मशीन लाकर मतदान कराया गया। क्षेत्र के समाज सेवी हाजी इलियास खान, ग्राम प्रधान पति बाहर सराय राम गणेश मौर्य, प्रधान पति उसरही अवधेश कुशवाहा, प्रधान पुत्र दांदूपुर अभिषेक यादव सहित दर्जनों लोगों का आरोप है कि बीएलओ की कमी के कारण मतदाता सूची में कुछ प्रतिशत मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है तो कई मतदाताओं के नाम की गड़बड़ी के कारण मतदान नही कर पाए है। इतना ही नहीं बहुत से मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में गायब रहने से परेशान नजर आए।




# लालगोपालगंज के मतदाताओं में नहीं दिखा उत्साह, 40% भी नहीं पड़ेगी वोट

**प्रयागराज।** फूलपुर लोकसभा के तहत लालगोपालगंज नगर पंचायत क्षेत्र में 40% भी मतदान नहीं हो सका। तपिश भर गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच लगभग सभी केंद्रों पर 3 घंटे तक सन्नाटा पसरा रहा। मौसम का मिजाज भांपते हुए अधिकांश मतदाताओं ने सुबह 7:00 से 10:00 तक मतदान करने को तरजीह दिया। उम्मीद लगाई गई थी कि दोपहर में मतदाताओं ने निकलना मुनासिब तो नहीं समझा। लेकिन शाम को एक बार पुनः मतदान केंद्रों पर भीड़ जुटेगी। परंतु ऐसा नहीं हो सका। लालगोपालगंज नगर पंचायत क्षेत्र में नौ मतदान केंद्र बनाए गए थे। इन मतदान केदो पर 25 बूथ पर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सबसे अधिक वोट पलयें गांव के मतदाताओं ने दिया। जबकि सबसे कम मतदाता चैनी का पूरा गांव से निकले। मुस्लिम बाहुल्य मतदान केंद्रों पर मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभा किया। इक्का दुक्का मतदान केदो पर लंबी कतार दिखी। नकाबपोश मुस्लिम महिलाओं ने लाइन में लगकर अपने मनपसंद के प्रत्याशी को मतदान किया है। निकाय चुनाव की अपेक्षा लोकसभा चुनाव का प्रतिशत घटना के बाद भी दिव्यांग और वृद्धो ने वोट दिया। कुछ चिन्हित एवं संवेदनशील मतदान केंद्रों पर लगातार उच्च अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण कर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने का सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिया। महर्षि मुक्त विद्या मंदिर इब्राहिमपुर के मतदान केंद्र को मॉडल बूथ तो जरूर बनाया गया था, लेकिन वहां मतदाताओं की संख्या कम होने के चलते सन्नाटा पसरा रहा। कस्बा के मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ।

**बहुसंख्यक की अपेक्षा मुस्लिम मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर किया मतदान, दोपहर में लगभग 3 घंटे तक मतदान केंद्रों पर पसरा रहा सन्नाटा**



# प्रतापगढ़ में भाजपा की सपा से दिखी सीधी टक्कर

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच तीन बजे तक हुआ 49.58 प्रतिशत मतदान, प्रमोद तिववारी, परिवहन आयुक्त व डीएम ने किया मतदान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र के पांच विधान सभा क्षेत्रों सदर, पट्टी, विश्वनाथगंज, रामपुर खास व रानीगंज क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा के बीच अपरान्ह पांच बजे तक 49.58 प्रतिशत शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ है। शाम छह बजे तक 51 प्रतिशत मतदान होने की संभावना है जिसमें भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता व इण्डिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डा0 एसपी सिंह पटेल के बीच कांटे की लड़ाई देखने को मिली। बसपा प्रत्याशी प्रथमेश मिश्र शायद ही मुख्य लड़ाई में आ सकें।

लोकसभा क्षेत्र में इस बार का चुनाव जाति खेमे में बंटा हुआ दिखाई दिया। पांचों विधान सभा में 1833312 मतों में लगभग 50 प्रतिशत मतदान होने पर जिस प्रत्याशी को लगभग चार लाख मत मिल जाएंगे, वह जिले का सांसद बनेगा। इसी मत को पाने के लिये आज पांचों विधान सभा में सपा व भाजपा में टक्कर दिखाई दी। इस बार सत्ताधारी भाजपा को ठाकुर मत बहुत ही कम मिल पाए हैं, जो कट्टर भाजपाई ठाकुर हैं, वही भाजपा को वोट दिये हैं, ज्यादातर मत सपा में गया है। वैसे भाजपा में ब्राहमण मत अंतिम समय में ज्यादातर लौट आए हैं। प्रथमेश मिश्र ज्यादा ब्राहमण मत नहीं पा सके हैं। इसके अलावा व्यापारी, अति पिछड़ा बैकवर्ड भी भाजपा के साथ है जबकि सपा के साथ यादव, मुस्लिम, पटेल तथा रामपुर खास के विभिन्न अन्य जातियों के भी मत मिले हैं।

इस जद्दोजहद में सपा व भाजपा के कार्यकर्ता अपने पक्ष में मतदान कराने की जद्दोजहद करने में व्यस्त दिखे। पांचों विधान सभा क्षेत्रों के 1902 मतदान केन्द्रों पर मतदान करने में उत्साह देखा गया। वृद्ध महिलाएं भी मतदान करने के लिये भीषण गर्मी में आई थी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने शीतलमऊ मतदान केन्द्र पर, प्राथमिक विद्यालय बहुंचरा मतदान केन्द्र पर परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह अपनी पत्नी डा0 अंजना सिंह के साथ मतदान किया। इसके अलावा पूर्व मंत्री मोती सिंह ने सर्वजीतपुर बूथ पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। रानीगंज विधायक डा0 आरके वर्मा ने कटरा गुलाब सिंह के प्राथमिक विद्यालय सराय देवराय मतदान केन्द्र पर मतदान किया। इसके अलावा विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल ने अपने मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय मिश्रपुर तरौल में सपत्नीक मतदान किया।



मतदान देकर बाहर निकलते प्रमोद तिवारी।



रानीगंज विधायक डा0 आरके वर्मा



पूर्व मंत्री मोती सिंह



परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह।

### बीएलओ के पर्ची न बांटने से हुई परेशानी, पूर्व एबीएसए व उनके परिवार का नाम गायब

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के पुराना माल गोदाम रोड पर मतदान केन्द्र पर बीएलओ के गायब रहने से मतदान केन्द्र पर वोट डालने वालों को परेशानी झेलनी पड़ी। वैसे तो पांच दिन पहले घर पर पर्चा पहुंचाने का दावा किया था लेकिन कुछ लापरवाह बीएलओ आज मतदान शुरु होने तक मतदान केन्द्र पर नहीं पहुंचे थे जिससे मतदाताओं को राजनीतिक स्टाल के पास जाकर अपनी पर्ची बनवाना पड़ा। इसके अलावा अबुल कलाम आजाद इंटर कालेज मतदान केन्द्र पर मतदान करने पहुंचे नया माल गोदाम रोड निवासी अवकाश प्राप्त एबीएसए श्रीराम मिश्रा अपने परिवार के साथ पहुंचे तो उनका और उनके परिवार का नाम ही लिस्ट में गायब था, वह बैरंग बिना मतदान किये वापस आ गए।

### पूर्व मंत्री ने सर्वजीतपुर बूथ पर किया मतदान

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पूर्व मंत्री मोती सिंह ने सर्वजीतपुर बूथ पर अपने परिवार के साथ मतदान किया। भाजपा के पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह अपने भतीजे ब्लॉक प्रमुख पट्टी राकेश सिंह के साथ दोपहर में अपने पैतृक गांव सर्वजीतपुर पहुंचे। जहां पर उन्होंने अपने परिवार के साथ बूथ संख्या 97 पर मतदान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जा रही है। जिलाधिकारी व एसपी की सतर्कता से सुचिता पूर्ण चुनाव प्रक्रिया जारी है। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापूर्व में उन्हें भी मतदान करने का अवसर प्राप्त हुआ जिसके लिए वह अपने को सौभाग्यशाली मानते हैं। लोग अपना मतदान कर देश के विकास में अपना योगदान प्रदान करें। दिन में एक बजे तक पूरे जनपद में 35.88 प्रतिशत मतदान हुआ था।

# डीएम व एसपी ने कई मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** लोकसभा मतदान को लेकर प्रशासन खासा सतर्क रहा। बूथ पर सुबह एक बार लोग नजर आए। दोपहर में अधिकतर बूथों पर सन्नाटा पसरा रहा। इक्का-दुक्का लोग आकर मतदान करते नजर आए।

डीएम संजीव रंजन एसपी सतपाल अंतिम सुबह 10 बजे के आसपास आसपुर देवसरा इलाके में एक बार घुसे और इलाके के विभिन्न बूथों का जायजा लेते रहे । दिन में 1 बजे दोनों अधिकारी देवसरा थाने पर लंच किया। जहां से दोनों अधिकारी अन्य इलाके में भ्रमण के लिए रवाना हो गए। जिले में पहली बार ऐसा हुआ कि डीएम एसपी 4 घंटे तक एक ही इलाके में भ्रमणशील रहे। बता दें कि जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 मतदान-छठां चरण को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्राथमिक विद्यालय सोनपुर प्रथम वि0क्षे0 आसपुर देवसरा, प्रतापगढ़ के मतदान केंद्र का निरीक्षण कर मतदान का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसी तरह इंग्लिश मीडियम अपर प्राइमरी स्कूल सोनपुरा वि0क्षे0 आसपुर देवसरा, प्रतापगढ़ के मतदान केंद्र का निरीक्षण कर मतदान का जायजा लिया व संबंधित अधि0 को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय बिनैका वि0क्षे0 आसपुर देवसरा, प्रतापगढ़ के मतदान केंद्र का निरीक्षण कर मतदान का जायजा लिया व संबंधित अधि0 को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



मतदान केन्द्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक।

# मशीन खराब होने से डेढ़ घंटे विलम्ब से शुरु हुआ मतदान

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** जेठवारा के अष्टभुजा इंटर कॉलेज मतदान केंद्र पर सुबह ईवीएम मशीन खराब होने के कारण बूथ संख्या 408 पर डेढ़ घंटे बिलंब से मतदान शुरू हुआ।

उधर प्राथमिक विद्यालय शिवरा के बूथ पर अव्यवस्था के चलते एक घंटे मतदान ठप रहा। अधिकारियों ने पहुंच कर मशीन ठीक किया तब पुनः वोटिंग शुरू हो सकी। बता दें कि नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह बूथ पर मतदान के लिए लंबी कतार लगी थी। 85 वर्ष के पति पत्नी तुलानंद व सरला मिश्रा निवासी रोहाना जेठवारा ने प्राथमिक विद्यालय जेठवारा के बूथ पर मतदान किया।

इसके अलावा दिव्यांग कृष्ण प्रताप सिंह ने अष्टभुजा इंटर कॉलेज में मतदान किया। लक्ष्मणपुर क्षेत्र के सरियापुर, नौबस्ता, जेठवारा, आशापुर, हैदरपुर, चमरूपुर, धनसारी, कुटीलिया, संडवा खास, पूरे बासावन, परशुरामपुर, सरायदेवराय, सराय भूपति, बगियापुर, पूरे वैष्णव, गौरा, बाबूपुर सहित दर्जनों मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से हुआ।

## मंदबुद्धि लड़की के साथ पड़ोसी ने की छेड़खानी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां प्रतापगढ़।** कुंडा कोतवाली कस्बे के पटाहरन टोला निवासी घनश्याम साहू जो घर पर किराना की दुकान खोल रखी है उसकी पुत्री जो मानसिक रूप से कमजोर है। गुरुवार को किशोरी किराने की दुकान पर बैठी थी तभी पड़ोसी युवक दुकान पर सामान लेने के पहुंचा जो अकेला देख मंदबुद्धि किशोरी के साथ अश्लील हरकते करते हुए छेड़खानी करने लगा तभी मौके पर उसकी बड़ी बहन आ गयी और चिल्लाने लगी तब आरोपी मौके से फरार गई गया। पीड़ित की बहन ने पुलिस को नामजद तहरीर दी। कोतवाल सत्येंद्र सिंह ने बताया बहन के तहरीर पर छेड़खानी के धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एसआई अंकित तिवारी के द्वारा विधिक कार्यवाई की जा रही है।

# खराब पंखा ठीक कराने पर तहसीलदार ने पीठासीन अधिकारी को धमकाया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सदर तहसील में नायब तहसीलदार कोर्ट में बने मॉडल बूथ पर कर्मचारी पंखा खराब होने और पीने का पानी न मिलने से परेशान रहे।

पंखा खराब होने की शिकायत कल कर्मचारियों ने तहसीलदार एवं उप जिलाधिकारी से की थी किंतु पंखा ठीक नहीं हो सका। देर शाम बूथ पर पहुंचे तहसीलदार से जब पीठासीन अधिकारी ने फर्नीचर कम होने तथा खराब पंखे को ठीक कराने के लिए निवेदन किया तो तहसीलदार ने पीठासीन अधिकारी को धमकाया और कहा कि किसी भी समस्या के लिए शिकायत करोगे तो पुलिस बुलाकर अभी पिटाई करायेंगे।

सेक्टर मजिस्ट्रेट सीडीपीओ राकेश कुमार चैरसिया ने भी दूरभाष पर कर्मचारियों को किसी भी समस्या की शिकायत करने पर धमकाया। सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार सदर के व्यवहार से दुखी कर्मचारियों ने रात में ही तहसील के अन्य खुले कमरों से फर्नीचर आदि की व्यवस्था कर बूथ बनाया। रात भर बिजली न रहने से बिल- बिलाये कर्मचारी दिन में भी पंखा खराब होने तथा पीने के लिए पानी न मिलने से छटपटाते रहे। बूथ के बाहर चन्द गुब्बारे लगाकर बूथ को मॉडल बूथ तो बना दिया गया किंतु मतदान कर्मियों को कोई सुविधा तहसील प्रशासन नहीं दे सका। यहां 45 और 46 दो बूथ बनाए गए थे।

# मनमानी अतिक्रमण से जाम की समस्या से जूझ रहे लोग

### शिकायत के बावजूद भी नहीं हो रही कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह के प्रवेश मार्ग पर बढ़ते मनमानी अतिक्रमण से रोज देर रात तक जाम लगने की समस्या उत्पन्न हो गई है, इससे न केवल आवागमन बाधित हो रहा है बल्कि दुर्घटना एवं आपसी विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है। शिकायत के बाद भी पंचायत अध्यक्ष और पुलिस मूकदर्शक बन कर किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हैं।

बता दें कि कटरा गुलाब सिंह जिले के दक्षिणांचल का बड़ा व्यावसायिक केंद्र है यहां आजादी के पहले से ही साप्ताहिक बाजार लगती है जिसमें क्षेत्र के लोगों की भारी भीड़ जमा होती है।

बाजार के प्रवेश मार्ग पर सरकारी अस्पताल के सामने सड़क के दोनों ओर सब्जी, फल, चाट और जूस आदि की दर्जनों दुकानें व ठेले लगाकर रोज शाम को आवागमन बाधित कर दिया जाता है। सड़क पर ही मनमानी टेंपो स्टैंड भी बनाया गया है। अस्पताल की बाउंड्री पर स्थाई दुकान बनाकर लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है इस मनमानी अतिक्रमण से आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाता है। अतिक्रमण करने वाले दुकानदार लोगों के साथ दबंगई से पेश आते हैं और कई बार मारपीट पर भी आमादा हो जाते हैं। स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं नगर पंचायत के अध्यक्ष से अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार कहा गया, किंतु अतिक्रमण और जाम की गंभीर समस्या को जान बूझकर नजर अंदाज किया जा रहा है। शायद इन्हें किसी दिन गंभीर दुर्घटना अथवा विवाद होने का इंतजार है।



कटरा गुलाब सिंह के प्रवेश मार्ग पर किया गया अतिक्रमण।

# उत्कृष्ठ कार्य करने वाले व्यक्ति राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिये करें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया है कि 03 दिसम्बर 2024 हेतु विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले व्यक्तियों/संस्थाओं को राज्य स्तरीय पुरस्कार दिये जाते है। इच्छुक व्यक्ति एवं स्वैच्छिक संस्थान राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र पूर्ण विवरण/अभिलेखों/प्रपत्रों के साथ 03 प्रतियों में अविलम्ब कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतापगढ़ कक्ष संख्या 25 में जमा कर सकते है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा राज्य पुरस्कार हेतु 12 विभिन्न श्रेणियों की व्यवस्था की गयी है। राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु 12 श्रेणियों का निर्धारिण किया गया है जिनमें दक्ष दिव्यांग कर्मचारी/स्वनियोजित दिव्यांगजन के लिये, दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेन्ट अधिकारी या एजेन्सी के लिये सेवायोजकों को, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिये, प्रेरणास्त्रोत हेतु, दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिये, दिव्यांगजन हेतु बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिये, दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवायें प्रदान करने वाले सर्वश्रेष्ठ जिला के लिये, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग व्यस्क व्यक्तियों एवं सर्वश्रेष्ठ बालक/बालिका हेतु, सर्वश्रेष्ठ ब्रेसप्रेस के लिये, दिव्यांगजन के लिये सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट हेतु, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ियों के लिये तथा दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार निर्धारित किया गया है।

# 13 जुलाई को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन-प्रभारी सचिव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित कुमार ने बताया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद के कुशल मार्गदर्शन में 13 जुलाई 2024 दिन शनिवार को पूर्वान्ह 10 बजे से जनपद न्यायालय के साथ-साथ सम्पूर्ण जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विशेष रूप से बैंक के लम्बित मामले प्री लिटिगेशन स्तर पर निस्तारित किये जायेगें।

इसके अतिरिक्त आपराधिक शमनीय वाद, एन0आई0एक्ट की धारा 138 के वाद, बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, पारिवारिक वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, राजस्व, दाखिल खारिज, वरासत, खतौनी व बेदखली, चकबन्दी, श्रम, स्टैम्प आदि अन्य मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जायेगा।

उन्होंने समस्त वादकारियों व अधिवक्ताओं को सूचित किया है कि वे जनपद न्यायालय, परिवार न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, स्थायी लोक अदालत, उपभोक्ता फोरम, कलेक्टेट्रट न्यायालयों, तहसीलों व खण्ड विकास कार्यालयों, नगर पंचायत कार्यालयों, बिजली से सम्बन्धित मामले, ई चालानी से सम्बन्धित मामले, बाट माप से सम्बन्धित मामले, खनन से सम्बन्धि तमामले व जनपद के अन्य न्यायालयों अथवा विभागों में लम्बित मामलों को सुलह समझौते से निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत को सन्दर्भित करायें। उन्होने बताया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किये जायेगें। लोक अदालत मामलों के निस्तारण का सर्वोत्तम माध्यम है, जिसमें धन और समय दोनो की बचत होती है एवं इसमें न तो किसी पक्ष की हार होती है और न ही जीत होती है तथा मामले त्वरित गति से निस्तारित होते है। उन्होने सभी वादकारियों व अधिवक्ताओं को सूचित किया है कि वे अपने मामलें के निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13 जुलाई 2024 में अपने मामलों को सन्दर्भित करायें व अपने मामले का निस्तारण करवायें तथा जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके।

### पुण्यतिथि पर याद किये गये डा. वीरेन्द्र मिश्र, अर्पित हुई पुष्पांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित पुनीत इण्टर कालेज परिसर में कई विद्यालयों के संस्थापक एवं प्रबन्धक रहे चिकित्सा विशेषज्ञ डा. वीरेन्द्र मिश्र की पुण्यतिथि पर स्मृति को नमन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने डा. वीरेन्द्र मिश्र द्वारा शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में दिये गये योगदान को अविस्मरणीय बताया गया। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने डा. वीरेन्द्र के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग पाठक ने भी डा. वीरेन्द्र के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन पूर्व प्रधानाचार्या डॉ. पूर्णिमा मिश्रा, डॉ. पूजा मिश्रा, डॉ. वर्तिका मिश्रा ने किया। पूर्व प्राचार्य डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा ने डा. वीरेन्द्र के योगदान का विषय प्रवर्तन रखा। अतिथियों का स्वागत सह संयोजक इं. जितेन्द्र त्रिपाठी व आभार प्रदर्शन डॉ. सिद्धार्थ त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र मिश्र, पूर्व प्राचार्य दयाशंकर पाण्डेय, शोभा श्रीवास्तव, बीएन तिवारी, नीलम ओझा, इं. सुनील पाण्डेय, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, राहुल मिश्र आदि रहे।

# जिले में 20 जून तक लागू रही धारा-144

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले में 17 जून 2024 को बकरीद का त्योहार एवं इसी दौरान लोकसभा सामान्य निर्वाचन से सम्बन्धित मतदान व 04 जून को मतगणना सम्पन्न होनी है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन का मतदान एवं मतगणना तथा त्योहारों/आयोजनों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु कराया जाना है।

अपर जिला मजिस्टेट्रट त्रिभुवन विश्वकर्मा ने जनपद में 20 जून 2024 तक दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दिया है। उन्होने बताया है कि एक स्थान पर 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों का विधि विरूद्ध जमाव प्रतिबन्धित किया जाता है। त्योहार के पावन पर्व पर कोई नई परम्परा नही कायम की जायेगी। कोई भी व्यक्ति मतदान/मतगणना स्थल या अन्य किसी सार्वजनिक स्थानों पर रिवाल्वर, पिस्टल, एक नली बन्दुक व दो नली बन्दूक अथवा घातक हथियार यथा चाकू, बल्लम, फरसा, विस्फोटक, ज्वलनशील पदार्थ, तेजाब आदि अथवा लाठी, डंडा, हाकी स्टिक आदि या किसी भी प्रकार का हथियार/शस्त्र लेकर नही चलेगा, न तो उसका प्रयोग करेगा। यह प्रतिबन्ध सरकारी ड्यूटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारी तथ बैंक में लगे हुये सुरक्षा कर्मियों पर लागू नही होगा। किसी भी सार्वजनिक धार्मिक स्थल पर लाउडस्पीकर का प्रयोग किसी भी दशा में इस प्रकार से नहीं किया जायेगा जिससे विभिन्न सम्प्रदाय के लोगों में उत्तेजना फैलने की सम्भावना हो।

किसी भी सार्वजनिक, धार्मिक स्थल पर कोई ऐसी जनसभा, रैली या जुलूस का आयोजन नहीं किया जायेगा और न ही किसी प्रकार की अफवाह फैलायी जायेगी जिससे विभिन्न समुदाय के लोगों में मनमुटाव, वैमनस्यता या घृणा की भावना उत्पन्न हो अथवा निर्वाचन की शुचिता व निष्पक्षता प्रभावित हो। कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी मतदान/मतगणना के अवसर पर किसी प्रकार की भीड़ एकत्रित नहीं करेगा और न ही विजय जुलूस निकालेगा। कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार का कोई संगठन या राजनैतिक दल ऐसी कोई प्रचार की सामग्री नहीं छपवायेगा जिससे जनमानस की भावनाओं को ठेस पहुँचे एवं उत्तेजना उत्पन्न हो।

कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी किसी अन्य दलों के सदस्यों एवं उनके नेताओं के पुतले लेकर चलने, उनको सार्वजनिक स्थल पर जलाने या इस प्रकार के अन्य प्रदर्शनों का आयोजन नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति किसी प्रत्याशी की हार जीत के सम्बन्ध में सट्टा नही लगायेगा। किसी भी सार्वजनिक, धार्मिक स्थल पर कोई ऐसी जनसभा, रैली, जुलूस का आयोजन नही किया जायेगा जिससे विभिन्न समुदाय के लोगों में मनमुटाव, वैमनस्यता या घृणा की भावना उत्पन्न हो। कोई भी व्यक्ति या अभ्यर्थी मतदान/मतगणना स्थल पर सेलुलर फोन, पेजर, वाकी-टाकी या अन्य इलेक्ट्रानिक वस्तु लेकर प्रवेश नहीं करेगा।

# नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शादी में मायके से विदा होकर ससुराल पहुँची शिरांशी वापस नहीं पहुंच सकी मायके ससुरालियों ने मारकर फांसी से लटकाया, विवाहिता के मायके वालों ने लगाया आरोप**

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशांबी।** पइंसा थाना के रमसाही पुर गांव में एक नव विवाहिता की शादी के 34वे दिन संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी है ससुरालियों का कहना है कि विवाहिता ने फांसी लगा ली है जबकि विवाहिता के माता-पिता ने हत्या करने का आरोप लगाया है मौके पर पहुंचे परिजनों ने सिराथू अस्पताल लाकर भर्ती कराया जहां डाक्टर ने मौत की पुष्टि की है।मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने जमकर हंगामा मचाया है।



सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार अशोक कुमार मिश्रा निवासी पछौन्हा थाना कमासिन जिला बांदा ने अपने पुत्री शिरांशी की शादी 20 अप्रैल 2024 को द्वारिका प्रसाद पुत्र नरेंद्र कुमार पांडेय निवासी रमसाही पुर थाना पइंसा के साथ धूमधाम से की थी शादी में 6 लाख नगद सहित सोने चांदी का जेवर फर्नीचर कपड़ा बर्तन बिस्तर आदि 10 लाख से अधिक का सामान दिया था शादी में मायके से विदा होकर ससुराल पहुँची बेटी वापस मायके नहीं पहुंच सकी है कई बार उसके माता-पिता ने शादी के बाद उसे वापस मायके भेजने के लिए कहा लेकिन ससुराल के लोग दहेज में सामान कम मिलने की डिमांड को लेकर विवाद करते रहे और शिरांशी की विदाई नहीं की शादी के 34वें दिन बेटी के पिता अशोक कुमार को सूचना मिले कि उनकी बेटी की मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया और माता-पिता भाई सहित तमाम लोग रमसाहीपुर गांव पहुंच गए जहां मायके के लोगों ने शिवांशी की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा है।

## दंपति को दबंगों ने बेरहमी से पीटा

**कौशांबी** महेवाघाट थाना क्षेत्र के अढौली गांव में लोकनाथ और उनकी पत्नी को शनिवार को दबंग केशन लाल ने अपने कई साथियों के साथ मिल कर लाठी डंडे से बेरहमी से पीटा है जिससे दंपति को गंभीर चोट आई है खून खराबा देख आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए हमलावर चले गए हैं झगड़े के दौरान छीना झपटी में महिला के गले का सोने का मंगलसूत्र और कान का बाला गिर गया है पीड़ित परिवार ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी है

## सड़क किनारे खड़ी बाइक को ले उड़े उचक्के

**कौशाम्बी** करारी थाना क्षेत्र के पचम्भा गांव निवासी अनीस अहमद पुत्र जुम्मन खान 24 मई को करारी कस्बा बाजार आए थे शाम 4:00 बजे वह अपने दामाद शकील अहमद के साथ मोटरसाइकिल से वापस घर जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार गोविंद ढाबा के पास पहुंचे की गाड़ी सड़क किनारे खड़ी करके पेशाब करने लगे मौके पर पहुंचे दो उचक्कों ने गाड़ी स्टार्ट की और लेकर गायब हो गए हैं ससुर दामाद चोर चोर चिल्लाते रह गए लेकिन तब तक बाइक को ले जाने वाले गायब हो गए हैं मामले की सूचना करारी पुलिस को दी गई है

# पूर्व सैनिक कल्याण समित की मासिक बैठक आयोजित



**कौशांबी** जिला के इमली गांव में पूर्व सैनिक कल्याण समित कौशांबी की मासिक बैठक आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दशरथ लाल करवरिया ने किया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सैनिक जय नारायण मिश्र थे बैठक में सभी पूर्व सैनिकों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अपनी अपनी बाते रखी सभी पूर्व सैनिकों की बातो के मद्दे नजर समित के द्वारा निर्णय लिया गया की पूर्व सैनिकों की समस्या का हल जरूर करवाया जायेगा लेकिन याद रहे की आप लोगो की जो भी समस्या है लीगल होनी चाहिए अगर आप की समस्या लीगल है तो हम लोग जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के माध्यम से जिला अधिकारी एवम पुलिस अधीक्षक महोदय से मिल कर आप की समस्या का हल जरूर करवाएंगे जिला अध्यक्ष दसरथ लाल करवरिया ने सभी को अवगत कराया की जिनका गन लाइसेंस की एनओसी नही है उसको थाने में जमा करवा दीजिए और दूसरा लाइसेंस बनाने के लिए जिला अधिकारी से बात करके अप्लाई कर दीजिए इसके साथ जमीनी विवाद एवम पैसे ले लें देन के ऊपर सभी हिदायत दी गई की आप लोग किसी भी व्यक्ति को अगर पैसा देते है तो चेक के द्वारा दीजिए कई फौजितो की छोटी मोटी समस्या थी जिसको सासन प्रशासन से मिल कर हल करवाने का अश्वासन दिया गया इस दौरान जिला अध्यक्ष दशरथ लाल करवरिया शारदा प्रसाद वर्मा कृष्ण चांद गुप्ता जय नारायण मिस्त्रा श्री कांत त्रिपाठी श्री राम यादव संजीव कुमार चौरसिया राजेश यादव शिव भवन मिस्त्रा जगदीश पाठक ब्रम्हचारी लाल पांडे अमर सिंह विनोद कुमार सिंह श्री कांत त्रिपाठी एवम अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## मजदूरी कर वापस लौट रहा युवक संदिग्ध परिस्थितियों में गायब

**पीड़ित के भाई ने सैनी कोतवाली पुलिस से की शिकायत**



**कौशांबी कोखराज** थाना क्षेत्र के एक गांव का दलित बिरादरी का युवक ईट भट्ठे में मजदूरी करने अलीगढ़ जनपद गया था मजदूरी करने के बाद दलित युवक 23 मई को वापस अपने गांव ट्रेन से लौट रहा था युवक सिराथू रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतर गया और संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है गायब युवक के भाई द्वारा पुलिस को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र के मुताबिक युवक ने अपने भाई को फोन किया है कि सिराथू रेलबे स्टेशन पर गांव के दूसरी बिरादरी के कई लोगों ने उसे घेर लिया है और उसके साथ मारपीट करने लगे हैं इसी बीच युवक का मोबाइल बंद हो गया है मामले की सूचना डायल 112 पुलिस रेलवे पुलिस को युवक के भाई ने दी है घटना को दो दिन बीत जाने के बाद युवक का कहीं सुराग नहीं लगा है गायब युवक के भाई का कहना है उसके भाई की हत्या करके लाश फेंक दी गई है घटना के पीछे बताया जाता है कि दलित युवक का दूसरे समुदाय की बालिका से प्रेम प्रपंच चल रहा था युवक के गायब होने का यह मामला बेहद गंभीर है

# बीडियो समेत ब्लॉक के आधे कर्मचारी निरीक्षण में मिले अनुपस्थित

**कौशाम्बी** खंड विकास अधिकारी कार्यालय मंझनपुर का 25 मई को सुबह 10 :15 बाबे डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान देवेन्द्र कुमार ओझा खण्ड विकास अधिकारी मंझनपुर अनुपस्थित पाये गये। विकास खण्ड मंझनपुर में कार्यरत कार्मिकों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया, निरीक्षण के दौरान आधा से अधिक विकासखंड कार्यालय खाली मिला आधे कर्मचारी उपस्थित नहीं है जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर कर एक सप्ताह में जवाब मांगा है मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण के बाद हड़कंप मचा है मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण के दौरान प्रभात सिंह अवर अभियन्ता, ग्रामीण



अभियन्त्रण विभाग, विकास खण्ड मंझनपुर वा आलोक सिंह सहायक विकास अधिकारी(सहकारिता), विकास खण्ड मंझनपुर दिनांक 22 मई, 2024 से लगातार अनुपस्थित पाये गये।अमित कुमार अवर अभियन्ता, लघु सिंचाई, विकास खण्ड मंझनपुर दिनांक 22 मई, 2024 से लगातार अनुपस्थित पाये गये। देवेन्द्र प्रताप सिंह सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण विकास खण्ड मंझनपुर मो0 नसर, सहायक विकास अधिकारी आई0एस0बी0, विकास खण्ड मंझनपुर विनोद कुमार शर्मा, वरिष्ठ सहायक दिनांक 16 मई, 2024 से लगातार अनुपस्थित पाये गये। सुनील कुमार उपाध्याय, बोरिंग टेक्निसियन, विकास खण्ड मंझनपुर। आशीष कुमार मिश्र अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा विकास खण्ड मंझनपुर संतोष कुमार सिंह तकनीकी सहायक विकास खण्ड मंझनपुर विनय कुमार द्विवेदी बी0एम0एम0 विकास खण्ड मंझनपुर। श्रीमती भारतीय साहू, बी0एम0एम0, विकास खण्ड मंझनपुर अतुल कुमार शर्मा सी0एम0 फेलोशिप,विकास खण्ड मंझनपुर अनुपस्थित पाए गए हैं मुख्य विकास अधिकारी ने निरीक्षण में अनुपस्थित पाये गये अधिकारियों/ कर्मचारियों का अनुपस्थिति की तिथि का वेतन अवरूद्ध करते हुए निर्देशित किया है कि अनुपस्थिति के सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण एक सप्ताह के अन्दर उनके कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण में अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों की लापरवाही पर कड़ी नाराजगी प्रकट की है।

## न्यूज झरोखा

### क्षेत्राधिकारी सहित सम्पूर्ण थाना की पुलिस ने किया पैदल गस्त



**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद में शांति एवं सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे जिले में थाना पुलिस द्वारा पैदल गस्त कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया भ्रमण के दौरान पुलिस टीम ने वाहनों की चेकिंग की और संदिग्ध लोगों की तलाश की क्षेत्राधिकारी चायल द्वारा थाना पिपरी पुलिस बल साथ थाना क्षेत्रांतर्गत पैदल गश्त किया गया तथा संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग की गयी इसी तरह संपूर्ण जिले के संपूर्ण थाना पुलिस द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का एहसास कराया गया लोगों को कानून का पालन करने की हिदायत दी गई पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों को चेक किया गया एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का ई-चालान किया गया तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनके पालन हेतु जागरूक किया गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 3 घायल,भेजे गए अस्पताल



**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली के राष्ट्रीय राजमार्ग भौंतर मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार 3 लोग सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। जानकारी के मुताबिक रामबरन यादव पुत्र ननकू,रामनरेश पुत्र सुंदरलाल, संदीप पुत्र हीरालाल निवासी तेंदुआ थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर से एक ही बाइक से अपने गांव से राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए अझुवा की तरफ आ रहे थे भौंतर मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार कर फरार हो गया इस टक्कर से बाइक सवार तीनों सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए सूचना पर मौके पर अझुवा चौकी पुलिस पहुंचकर परिजनों को खबर करते हुए सभी घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेज दिया है ।चौकी पुलिस टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है।वहीं प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार तीनो नशे में धुत थे हालत गंभीर होने पर एक व्यक्ति को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है

### कौशाम्बी के कसेंदा गांव की बेटी का एयरफोर्स में हुआ चयन, परिजनो को बधाई देने वालो का लगा तांता



**कौशाम्बी** जिले के कसेन्दा गांव के किसान की बेटी का एयरफोर्स में अधिकारी के रैंक पर चयन हुआ है परिजनो और गांव के लोगो को जैसे ही उसकी जानकारी हुई लोगो ने उसके घर पहुंचकर बधाई दी बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है परिवार और रिश्तेदारों ने भी खुशी जाहिर की है जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के कसेंदा गांव की सोनाली यादव पुत्री धर्मनारायण यादव का भारतीय वायु सेना में फाइनल सिलेक्शन हो गया है,सोनाली की आल इंडिया रैंक 70 आई है, जिसके बाद सोनाली के गांव के कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष तलत अजीम सहित सैकड़ो लोगो ने घर पहुंचकर परिजनो को बधाई दी है। उसके घर पहुंचे लोगों ने कहा कि सोनाली ने गांव ,जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

### मेले में भ्रमण कर महिलाओं बालिकाओं को पुलिस ने किया जागरूक

**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक कौशांबी बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना कड़ाधाम की पुलिस टीम द्वारा मेले में भ्रमण कर बालिकाओं/महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलम्बन के सम्बन्ध में विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1076, 1090, 1930, 1098, 181, 112 आदि के बारे में जागरूक किया गया।

### महिला थाना पुलिस ने भ्रमणकर बालिकाओं को किया जागरूक

**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक कौशांबी बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में महिला थाना की पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं/महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दिया उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया और नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलम्बन के सम्बन्ध में विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1076,1090,1930,1098,181,112 आदि के बारे में जागरूक किया गया।

# चौकी प्रभारी मूरतगंज की गोद में खेल रहे लकड़ी माफिया

**धना दोहन पर उतारू चौकी प्रभारी मूरतगंज कर रहे लकड़ी माफियाओं की मदद, हरे फलदार पेड़ के लगातार कटान से उच्च अधिकारियों को गुमराह कर रहे चौकी प्रभारी**

**कोखराज कौशाम्बी** थाना संदीपन घाट क्षेत्र के मूरतगंज पुलिस चौकी क्षेत्र में हरे फलदार पेड़ो की कटान तेजी से हो रही है चौकी पुलिस के पास लकड़ी माफिया उठते बैठते देखे जाते हैं इलाके में सैकड़ो हरे पेड़ प्रत्येक सप्ताह काटे जा रहे हैं पूरी हरियाली नष्ट हो रही है लेकिन लकड़ी माफियाओं पर कार्यवाही करने के बजाय उन्हें संरक्षण चौकी पुलिस द्वारा दिया जा रहा है लकड़ी माफियाओं से लाखों की एकजाई चौकी पुलिस तक प्रत्येक महीने पहुंच रही है जिससे चौकी पुलिस लकड़ी माफियाओं पर कार्यवाही करने के बजाए आला अधिकारियों को भी गुमराह करने से बाज नहीं रहे हैं चौकी प्रभारी के गोद में खेलने



वाले लकड़ी माफियाओ ने इलाके को वीरान कर दिया है क्षेत्र के अंतर्गत जीवन गंज ग्राम में छोटी तलरी के पास गूलर ,आम,आदि के विशाल पेडों को लगातार दो दिनों से लकड़ी माफिया काट रहे है जहां सरकार पौध रोपण के लिए करोड़ों रुपए खर्च करती हैं वही कुछ भ्रष्ट वन विभाग व पुलिस विभाग के कर्मचारियों के द्वारा की मिलीभगत से वनों को काट कर बंजर बनाने व मोटी रकम लेकर हरियाली को खत्म करने की साजिश चल रही है जिसकी शिकायत ग्रामीणों के द्वारा उच्च अधिकारियों से किया गया लेकिन वन माफियाओं को खुली छूट दे कर चौकी प्रभारी वाह वाही लूटने में लगे हैं क्या योगी सरकार में इन हरियाली के हत्यारों को संरक्षण देने वाले चौकी इंचार्ज को दंडित किया जाएगा या हरियाली को खत्म करने के लिए खुली छूट दे दी जाएगी।

## मुकदमे में समझौता न करने पर साथियों संग दी जान से मारने की धमकी

**कौशाम्बी।** मुकदमे में समझौता न करने पर पीड़ित को साथियों संग युवक ने जान से मारने की धमकी दी है पीड़ित ने चरवा थाना में आरोपी व दो अज्ञात के विरुद्ध नामजद्द शिकायती प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया । मामला चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़ित ने बताया कि 6 फरवरी की सुबह करीब 6:30 बजे पीड़ित की बेटी शौचक्रिया करने के लिए खेत कि तरफ गई थी। पहले से पड़ोस का ही मनचला युवक सरसों की फसल में छुपकर बैठा था। पीड़ित के बेटी को अकेला पाकर सरसों की फसल में जबरन घसीट कर छेड़खानी करने लगा। पीड़ित की बेटी ने शोर मचाया तो मनचला युवक ने पीड़ित की बेटी को मारा पीटा तथा जाते - जाते धमकी दिया था कि अगर कहीं शिकायत किया तो तुम्हें व तुम्हारे परिवार को जान से मार दूंगा। मनचला युवक के चंगुल से किसी तरह बचकर पीड़ित की बेटी घर आकर आप बीती अपने परिजनों से बताया तो पीड़ित अपनी बेटी के साथ चरवा थाना पहुंच कर नामजद्द शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने कि मांग किया। पीड़ित के शिकायती प्रार्थना पत्र को गम्भीरता से लेते हुए चरवा पुलिस ने गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके मनचला युवक की तलाश में जुट गयी। मनचला युवक पुलिस के चंगुल से बचता रहा। शुक्रवार की सुबह करीब 11:30 बजे मनचला युवक अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मोटर साइकिल से सवार होकर घर आया । पीड़ित को देखकर गाली-गलौज देते हुए कहा कि जो मेरे विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है उसमें सुलहनामा लगा दे नहीं तो तुम्हें परिवार सहित जान से मार डालूंगा। मनचला युवक की धमकी से परिवार सहित डरा सहमा हुआ है। पीड़ित ने चरवा थाना पहुंच कर मनचला युवक के विरुद्ध फिर नामजद्द व दो अज्ञात साथियों के विरुद्ध शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग किया है।

# जेसीबी संचालक बने सरकारी जमीन के दुश्मन अधिकारी मौन

**कौशाम्बी** सरकारी जमीनों की सुरक्षा करने में राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी लगातार लापरवाह बने हुए हैं जिससे सरकारी जमीन को नष्ट करके लोग मालामाल हो रहे हैं प्रत्येक गांव क्षेत्र में तमाम सरकारी जमीन पर पहले ही कब्जा हो चुके हैं इन दिनों जेसीबी मशीन संचालक सरकारी जमीन के दुश्मन बन गए हैं जेसीबी मशीन से सरकारी जमीन में मिट्टी खोदकर बेची जा रही है और उससे करोड़ों की कमाई का सपना देखा जा रहा है सब कुछ खुलेआम हो रहा है लेकिन राजस्व के कर्मचारी और अधिकारी द्वारा सरकारी जमीनों की सुरक्षा करने के लिए जेसीबी संचालकों पर मुकदमा दर्ज कराकर मशीन सीज नहीं कराई जा रही है सरकारी जमीन से मिट्टी खनन करने वाले जेसीबी मशीन संचालकों की गिरफ्तारी भी तहसील के राजस्व अधिकारी नहीं कर रहे हैं जिससे जेसीबी संचालकों के हौसले बुलंद है और राजस्व अधिकारियों पर सवाल खड़े हो गए हैं सराय अकिल थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में ससुर खदेरी नदी के किनारे बीते कई दिनों से सरकारी जमीन में जेसीबी मशीन द्वारा मिट्टी का खनन किया जा रहा है बताया जाता है कि एक ग्राम प्रधान की जेसीबी मशीन से अवैध खनन



तेजी से हो रहा है सरकारी जमीन से खोदकर निकाली गई मिट्टी को बेचकर जेसीबी संचालक मालामाल हो रहे हैं मामले की शिकायत कई बार इलाके के लोगों ने स्थानीय पुलिस से भी की लेकिन पुलिस ने भी सरकारी जमीन की सुरक्षा करने के लिए जिम्मेदारी नहीं उठाई है। जिम्मेदारों की उदासीनता से सरकारी जमीन सुरक्षित नहीं रह गई है माफिया कब्जा करने पर लगे हैं मिट्टी खनन करके माफिया सरकारी जमीन की शक्ल सूरत बदल रहे हैं सरकारी जमीनों में अवैध तरीके से किए जा रहे खनन के पीछे राजस्व विभाग की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं बीते दिनों पिपरी थाना क्षेत्र के कई गांव में सरकारी जमीन की मिट्टी खनन कर जेसीबी संचालकों ने बेच लिया है लेकिन उसके बाद जेसीबी संचालकों पर कार्रवाई नहीं हुई है जो व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है कौशांबी जिले के विभिन्न क्षेत्र में सरकारी जमीनों से मिट्टी खनन में जेसीबी मशीन लगी हैं लेकिन राजस्व कर्मियों से लेकर के राजस्व अधिकारी तक मूकदर्शक बने हुए हैं जेसीबी संचालकों से मौन सहमत के चलते राजस्व

**सरकारी जमीनों की सुरक्षा करने के लिए जेसीबी संचालकों पर मुकदमा दर्ज कराकर करना होगा मशीन सीज**

विभाग कार्रवाई करने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहा है गौर तलब है कि बंजर ऊसर मरघट नवीन परती चारागाह खलिहान खेल के मैदान तालाबी नंबर में पहले ही कब्जा करवा कर राजस्व कर्मियों और राजस्व अधिकारियों ने मोटी रकम वसूली है देखते-देखते सैकड़ो राजस्व कर्मी करोड़ के मालिक बन गए हैं लेकिन उसके बाद राजस्व अधिकारियों को राजस्व कर्मियों का भ्रष्टाचार दिखाई नहीं पड़ रहा है जिससे राजस्व अधिकारियों के भी ईमानदारी की निष्ठा पर सवाल खड़े हो रहे हैं एक तरफ योगी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त की बात करती है दूसरी तक राजस्व विभाग पूरी तरह से भ्रष्टाचार में हिस्सेदार दिखाई पड़ रहा है सरकारी जमीनों को बचाना होगा जिम्मेदारों को आगे आना होगा और अवैध तरीके से मिट्टी खनन करने वाले जेसीबी संचालकों पर कठोर कार्रवाई करना होगा तभी सरकारी जमीन सुरक्षित होगी।

## गाजी सरकार का निकला बारात दम मदार बेड़ा पार का नारा लगाकर पहुंचे बहराइच हजरत गाजी मियां की दरगाह

**कड़ा कौशाम्बी।** रस्म के अनुसार हजरत मकदुम दरगाह पर गुरुवार रात स्नान के बाद निशान बांधा गया। सुबह नातख्वानी व कुरानख्वानी हुई। दरगाह के मुजावर की देखरेख में बारात की रस्म का जुलूस निकाला गया। इसमें महिलाएं, पुरुष व बच्चे गानेबाजे के साथ निकले। जुलूस में पलंग, पीढ़ी, पंखा, मेहंदी आदि शादी की रस्म के सामान लेकर लोग शामिल हुए। रास्ते में जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया गया। शनिवार की शाम 4:00 गाजी सरकार निशांन कड़ा धाम से बहराइच के लिए रवाना हुआ जुलूस बुनियाद कड़ा कुबरीघाट ,से मानिकपुर पहुंचा, जहां से अब सुबह 4:00 बजे लोग भवानीगंज में ठहरेंगे वहाँ से फिर सुबह 2:00 बजे सलवान में ठहरे नहा होगा लोगो का ऐसे ही रुकना ठहरेन बहराइच स्थित दरगाह शरीफ पैदल पहुंचेंगे पहुंचने के बाद लोग वहां अपने देश के लिये अमनचैन के लिए दुआ मांगेंगे जुलूस के कमेटी के पदाधिकारी अनिल कुशवाहा अपनी मिलारियों के साथ 7 तारीख को घर के लिए रवाना होंगे।

## संपादक की कलम से

# संकुचित नजरिया है महिलाओं की मुफ्त बस यात्रा पर हमला

देश के सामने प्रश्न यह नहीं है कि हमें विकास की आवश्यकता है या नहीं, बल्कि यह सवाल है कि भारत में किस प्रकार का विकास होना चाहिए। प्रधानमंत्री की टिप्पणियों से लगता है कि 'इंडिया शाइनिंग' का कीड़ा गहराई तक अंतर्निहित है। भारत को चमकने के लिए मजबूर किया जा सकता है लेकिन यह सवाल बना हुआ है कि क्या भारत के लोग चमकेंगे– और यही वह जमीन है जिस पर इस चुनाव में भाजपा के खिलाफ अपनी लड़ाई में कांग्रेस भारी पड़ रही है।

चुनावी मौसम में बढ़ती गर्मी के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने चुने हुए मीडिया घरानों के साथ साक्षात्कारों की एक श्रृंखला शुरू की है। ज्यादातर साक्षात्कारों पर नियंत्रण दिखाई देता है लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि इन साक्षात्कारों के सुरक्षित खाली स्थानों में भी कुछ अलिखित शब्द बच गए हैं जो आज देश के सामने मौजूद कुछ ज्वलंत मुद्दों के बारे में समझ और वचनबद्धता की खतरनाक कमी को प्रकट करते हैं। उदाहरण के लिए, कर्नाटक की शक्ति योजना पर प्रधानमंत्री की टिप्पणियों को लें! शक्ति योजना पिछले साल जून में शुरू की गई थी। ताजा आंकड़ों के मुताबिक अब तक महिलाओं और लड़कियों ने लगभग 200 करोड़ फेरे की शून्य लागत पर राज्य परिवहन की यात्रा बसों में की है। प्रतिदिन लगभग 65 लाख महिलाएं इस योजना का लाभ उठा रही हैं। ये आंकड़े सिटी बस सेवाओं और राज्य में शहर या गांव में चल रही बस सेवाओं की फेरियों के माध्यम से कहीं भी आने-जाने का लाभ उठा रही महिला यात्रियों के हैं। राज्य में इस योजना का जबरदस्त असर हुआ है और इसका एक सरल और स्पष्ट संदेश है कि महिलाएं खुद को स्वतंत्र महसूस करती हैं। वे हर जगह यात्रा कर रही हैं। आश्चर्य की बात नहीं है कि वास्तव में यह एकमात्र कल्याणकारी योजना है जिसका अत्यधिक उपयोग किया जा रहा है। योजना सरल, स्पष्ट, प्रयोग करने योग्य है– अपना निवासी कार्ड दिखाएं और यात्रा करें।

एक साक्षात्कार में इस योजना के बारे में प्रधानमंत्री ने अज्ञानता भरी टिप्पणी करते हुए कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की पेशकश से नवनिर्मित मेट्रो सेवाओं का उपयोग कम होगा इसलिए मेट्रो घाटे में चलेगी और कोई भी देश में मेट्रो सेवाओं का निर्माण नहीं करेगा। यह बहुत ही सीमित और संकीर्ण दृष्टिकोण है और यह नजरिया उस समय टिक नहीं पाता है जब हम समझेंगे कि कल्याणकारी योजनाएं कैसे काम करती हैं। वे कैसे सशक्त हो सकती हैं और मुक्ति के लिए एक ताकत बन सकती हैं तथा समाज के कमजोर वर्गों, विशेष रूप से लड़कियों और महिलाओं के लिए नए अवसर खोल सकती हैं। जैसा कि कर्नाटक के मामले में है। यह आश्चर्यजनक है कि गुजरात के मुख्यमंत्री और अब प्रधानमंत्री के पदों पर दो दशकों से अधिक समय तक रहने के बाद भी नरेंद्र मोदी विकास की बुनियादी बातों के प्रति संवेदनशील दिखाई नहीं देते या उन्होंने ये सबक सुने तो हैं लेकिन इन पर ध्यान नहीं दिया है; अथवा चुनाव के इस कड़वे मौसम में वे कर्नाटक में यह योजना लाने वाली कांग्रेस के प्रति अपनी नफरत में अंधे हो गए हैं। भारत सरकार, यहां तक कि भाजपा सरकार भी बहुत सारी कल्याणकारी योजनाएं चला रही है और अगर प्रधानमंत्री की इसी सोच को लागू किया जाए तो अवधारणात्मक रूप से यह एक ऐसी सरकार होनी चाहिए जो न केवल कर्नाटक में मुफ्त परिवहन योजना बल्कि गैर-भाजपा शासित राज्यों- दिल्ली, तमिलनाडु, तेलंगाना और पंजाब की सभी कल्याणकारी योजनाओं को अस्वीकार करती है।

कर्नाटक की शक्ति योजना के संपूर्ण प्रभाव को देखने और समझने में अभी समय लगेगा। फिर भी यह विचार सभी तर्कों को पराजित कर देता है कि यह योजना सवारियों को मेट्रो से दूर ले जाती है। इसकी जड़ में यह बात है कि प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि गरीबों को भुगतान करने तथा मेट्रो लाइनों की सवारी करने के लिए कहें (जहां किराया सामान्य रूप से बहुत अधिक है) ताकि मेट्रो व्यवहार्य हो जाए एवं निवेश की भरपाई हो सके और इस प्रकार बताया जा सके कि विकास हुआ है। विकास के क्या मायने हैं यह उनके नेतृत्व वाली सरकार के लिए एक भयावह संकीर्ण दृष्टिकोण है और शायद इसे जाने बिना ही प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पार्टी के आरोप को स्वीकार कर लिया है कि यह अमीरों की, अमीरों द्वारा और अमीरों की सरकार है। जिस लेंस से काम करने का यह पूरा तरीका देखा जा रहा है वह फाइनेंसर का लेंस है। यह उन महिलाओं और लड़कियों का लेंस नहीं है जो कर्नाटक में मुफ्त यात्रा सुविधा का लाभ उठा रही हैं, जो सुविधाएं स्पष्ट रूप से पहले नहीं थीं। यह नरेंद्र मोदी की समझ की कमी की भी याद दिलाता है जो उन्होंने प्रधानमंत्री बनने से पहले दिखाई थी। जब वे नेतृत्व करने की तैयारी कर रहे थे तब उन्होंने मुंबई में एक सार्वजनिक बैठक में कहा था कि –'बुलेट ट्रेन दुनिया को यह दिखाने के लिए थी कि भारत विकसित है भले ही कोई इसका इस्तेमाल न करे।' भले ही उस समय इस बात को एक अपरिपक्व टिप्पणी कहकर खारिज कर दिया गया हो लेकिन इस बार शक्ति योजना तथा भारत में असमानता में वृद्धि पर पूछे गए अन्य प्रश्नों पर प्रधानमंत्री की टिप्पणी वृद्धि और विकास के मुद्दों के विचार और समझ में कुछ बुनियादी समस्याओं को दशार्ती है।

# भारतीय बाघों के स्वागत के लिए तैयार कंबोडिया

कंबोडिया के सूखे जंगलों में कभी इंडोनेशियाई बाघों की भरमार हुआ करती थी. पर्यावरणविद बताते हैं कि बाघों और उनके भोजन के लिए उपलब्ध जानवरों को शिकारियों ने बहुत हद तक खत्म कर दिया.

दक्षिण पूर्व एशियाई देश कंबोडिया में पिछली बार 2007 में बाघ देखा गया था. 2016 में उन्हें विलुप्त घोषित कर दिया गया था. अब भारत से बाघ लाकर उनकी आबादी को दोबारा बढ़ाने की कोशिश की जा रही है. यह समझौता 2022 में हुआ था.

भारत से जो बाघ जाएंगे उन्हें जंगल में छोड़ने से पहले कार्डामम वर्षावन में 222 एकड़ के एक संरक्षित क्षेत्र में रखा जाएगा ताकि वे नए मौसम के अनुकूल ढल सकें. इसके लिए कई महीनों से तैयारी की जा रही है. फरवरी में वहां 400 कैमरे लगाए गए हैं, जिनका मकसद बाघ के शिकार के लिए उपलब्ध जानवरों की निगरानी करना है.

**साल के आखिर तक आगमन**

भारत से एक नर और तीन मादा बाघ भेजे जाएंगे. भारत की राजदूत देवयानी खोबरागड़े ने बताया कि बाघ भेजने से पहले भारत यह सुनिश्चित करना चाहता है कि बाघों के लिए समुचित शिकार उपलब्ध हो और उनके शिकार हो जाने की कोई संभावना ना हो.

कंबोडिया में मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया, "जैसे ही मॉनसून की बारिश कम होती है और उनके शिकार के लिए जानवर आ जाएंगे, ये बाघ यहां पहुंच जाएंगे. उम्मीद है कि नवंबर या दिसंबर से पहले ऐसा हो जाएगा.

खोबरागड़े ने कहा कि अगर यह प्रयोग सफल रहता है तो बाघों के स्थानांतरण का यह दुनिया में पहला मामला होगा. उन्होंने कहा, "यह एक ऐतिहासिक परियोजना है.

कंबोडिया के पर्यावरण मंत्रालय और वन्य जीवों के संरक्षण के लिए काम करने वाली संस्था वाइल्डलाइफ अलायंस ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि क्षेत्र इन बाघों के आगमन के लिए तैयार है. संस्था की प्रमुख सुवाना गॉन्टलेट ने कहा, "मुख्य क्षेत्र में किसी तरह का खतरा नहीं है. यह पूरी तरह सुरक्षित है और ऐसा ही रहेगा.

**बाघों की सुरक्षा के इंतजाम**

बाघों की सुरक्षा के लिए सरकार ने कई इंतजाम किए हैं. गॉन्टलेट ने बताया कि वहां 16 रेंजर तैनात किए गए हैं. इसके अलावा बाघों की निगरानी के लिए एक केंद्र, शिकार के लिए उपलब्ध जानवरों के लिए एक सुरंग और क्षेत्र के लिए पानी का स्त्रोत बनाया गया है. बाघों और आसपास के गांवों की सुरक्षा के लिए इन मेहमान जानवरों को मॉनिटरिंग टैग्स लगाए जाएंगे.

पर्यावरण मंत्रालय ने बताया कि अगर इस परियोजना में कोई बाधा नहीं आती है तो आने वाले पांच साल में और बाघ लाए जाएंगे.

शिकार और जंगलों के खत्म होने के कारण कंबोडिया में ही नहीं, पूरे दक्षिण पूर्व एशिया में बाघों की आबादी प्रभावित हुई है. लाओस और वियतनाम में भी बाघ पूरी तरह खत्म हो चुके हैं. म्यांमार के जंगलों में सिर्फ 23 बाघ बचे होने का अनुमान है.

# 2024 के लोकसभा चुनावों में एनडीए का बहुमत खोने की संभावना

– नित्य चक्रवर्ती



जहां तक 2024 के लोकसभा चुनाव का सवाल है तो परिदृश्य थोड़ा अलग है। यह 2004 या 1996 के चुनाव के बाद के परिदृश्य की पुनरावृत्ति नहीं हो सकती। विवादास्पद मुद्दा यह है कि 2019 के चुनावों में पार्टी को मिली 303 सीटों में से भाजपा कितनी सीटें खो देगी? 2019 में मोदी लहर में भाजपा को सबसे ज्यादा फायदा हुआ। इसकी संख्या निश्चित रूप से कम होनी है और इसकी कम संख्या ही अगली सरकार के गठन की दिशा तय करेगी।

2024 के लोकसभा चुनाव के लिए मतदान के पहले पांच चरण अब तक समाप्त हो चुके हैं, तथा अगले दो चरणों में मतदान के लिए कुल 543 में से केवल 115 सीटें बची हैं। नतीजे 4 जून को आयेंगे। पिछले कुछ दिनों में, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा के सभी शीर्ष नेताओं ने सार्वजनिक बैठकों और टीवी चैनलों और समाचार पत्रों में साक्षात्कारों की एक श्रृंखला में घोषणा की है कि भाजपा पहले ही पार कर चुकी है 272 का जादुई आंकड़ा,जो बहुमत का निशान है,और अगले दो चरणों में, यह 300 से अधिक को पार कर जायेगा। गृह मंत्री अमित शाह तो पहले पांच चरणों में भाजपा के लिए 310 प्लस का आंकड़ा बता चुके हैं।

जहां तक इंडिया ब्लॉक का सवाल है, पहले पांच चरणों की उनके अपने आकलन ने उन्हें बड़ी उम्मीद दी है कि मतदान के रुझान एनडीए के खिलाफ जा रहे हैं, और उन्हें लग रहा है कि एनडीए बहुमत खो देगी। राहुल गांधी चुनावी सभाओं में प्रमुखता से घोषणा कर रहे हैं कि 4 जून के बाद केंद्र में इंडिया ब्लॉक नयी सरकार बना रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अगली रणनीति तय करने के लिए 4 जून के बाद इंडिया ब्लॉक पार्टियों की बैठक बुलाने की बात कही है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 3 जून को अपने पिता एमके करुणानिधि की जयंती कार्यक्रम में शामिल होने और स्थिति पर चर्चा करने के लिए सभी भारतीय ब्लॉक नेताओं को डीएमके कार्यालय में दिल्ली आने के लिए आमंत्रित किया है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने अभियान में कहा कि 2024 के चुनावों में भाजपा की लोकसभा सीटें 200 पार नहीं करेगी।

4 जून को उभरने वाला वास्तविक परिदृश्य क्या है? बुधवार को जाने-माने अमेरिकी राजनीतिक वैज्ञानिक और जोखिम सलाहकार इयान ब्रेमर ने एनडीटीवी को दिये एक इंटरव्यू में कहा कि-भाजपा को 295 से 315 के बीच सीटें मिलेंगी, यानी भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल कर लेगी। भारत में कार्यरत कई वैश्विक कंपनियों और निवेश बैंकों ने पिछले कुछ हफ्तों में सर्वेक्षण किये हैं। मैं वित्तीय क्षेत्र में अपने स्त्रोतों से जो कुछ भी इक्ठा कर सका हूं, उसके अनुसार प्रारंभिक रिपोर्टें भाजपा के लिए अत्यधिक अनुरकूल थीं; हालांकि, पांचवें चरण के बाद, अद्यतन रिपोर्टों में अनिश्चितता की बात कही गई है। मेरे सूत्रों का कहना है कि- एक शीर्ष अमेरिकी निवेश कंपनी ने अपने मुख्यालय को त्रिशंकु लोकसभा की संभावना का संकेत दिया है, लेकिन अंततः नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कमजोर सरकार बनेगी।

भारत को जानने वाले शीर्ष निवेश विश्लेषकों में से, मुझे रुचिर शर्मा पर भरोसा है, जिन्होंने वर्तमान चुनाव प्रचार के दौरान भारतीय जिलों में बड़े पैमाने पर यात्रा की है। मैं उनकी कुछ टिप्पणियों से सहमत हूं, जिन्हें मैंने पिछले कुछ महीनों में दक्षिणी राज्यों और उत्तर प्रदेश की अपनी यात्राओं के दौरान भी नोट किया था। पहला, कोई लहर नहीं हैः न नरेंद्र मोदी के पक्ष में, न विपक्ष के पक्ष में। यह इंडिया ब्लॉक के लिए एक प्रमुख सकारात्मक कारक है, क्योंकि 2014 और 2019 दोनों लोकसभा चुनावों में बड़ी मोदी लहर देखी गई थी।

दूसरे, राज्यों में स्थानीय और क्षेत्रीय मुद्दे अधिक हावी रहे, मुख्यतः दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में। उत्तरी राज्यों में राम मंदिर समेत भावनात्मक मुद्दे मतदाताओं के बीच मौजूद हैं, लेकिन बेरोजगारी, खराब स्वास्थ्य सुविधाएं, आवश्यक वस्तुओं की ऊंची कीमतें जैसे अन्य जीवंत मुद्दों को भी ध्यान में रखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के हालिया भाषणों का उद्देश्य मुसलमानों को बदनाम करना और कांग्रेस को हिंदू विरोधी पार्टी करार देना था। हो सकता है कि वे शेष 115 सीटों पर हिंदू वोटों को पूर्णरूप से एकजुट करने, जैसा कि प्रधानमंत्री और भाजपा नेता चाहते हैं, में सफल न हों। तीसरी बात मेरी अपनी है। इंडिया ब्लॉक के हिस्से के रूप में भाजपा का विरोध करने वाली क्षेत्रीय पार्टियों ने लोकसभा चुनाव के पहले पांच चरणों में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है। यह कांग्रेस ही है जो उन निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा विरोधी मूड का पूरा फायदा उठाने में विफल रही जहां पार्टी इंडिया ब्लॉक की ओर से भाजपा से लड़ रही है। पर्याप्त वित्तीय संसाधनों की कमी ने भाजपा की वित्तीय और संगठनात्मक बाहुबल के खिलाफ कांग्रेस की संगठनात्मक तैयारी को प्रभावित किया। आइए 1996 और 2004 के चुनावों के बाद लोकसभा चुनाव के बाद के परिदृश्य पर नजर डालें। 1996 में भाजपा को 161 और कांग्रेस को 140 सीटें मिलीं। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा ने केंद्र में सरकार बनाई जो 13 दिन बाद गिर गई। जनता दल के नेतृत्व में विपक्ष ने तब सरकार बनाई लेकिन 1998 में वह भी गिर गई। 2004 के चुनावों में, कांग्रेस को 145 और भाजपा को 138 सीटें मिलीं। यूपीए का गठन कांग्रेस द्वारा किया गया था और यूपीए डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल में दो कार्यकाल तक चली।

जहां तक 2024 के लोकसभा चुनाव का सवाल है तो परिदृश्य थोड़ा अलग है। यह 2004 या 1996 के चुनाव के बाद के परिदृश्य की पुनरावृत्ति नहीं हो सकती। विवादास्पद मुद्दा यह है कि 2019 के चुनावों में पार्टी को मिली 303 सीटों में से भाजपा कितनी सीटें खो देगी? 2019 में मोदी लहर में भाजपा को सबसे ज्यादा फायदा हुआ। इसकी संख्या निश्चित रूप से कम होनी है और इसकी कम संख्या ही अगली सरकार के गठन की दिशा तय करेगी। विकल्प के सरकार गठन की सुविधा के लिए भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनावों में कम से कम 80 सीटें खोनी होंगी। भाजपा का 240 से अधिक का आंकड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनाने में मदद करेगा। 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा के पास 282 सीटें थीं और एनडीए के पास कुल 336 सीटें; यानी एनडीए के अन्य दलों को कुल मिलाकर 54 सीटें मिलीं। 2019 के चुनावों में, भाजपा को 303 सीटें मिलीं और एनडीए की कुल सीटें 353 हो गईं, यानी गैर-भाजपा एनडीए दलों को कुल मिलाकर 50 सीटें मिलीं। 2024 के चुनावों में, एनडीए सहयोगियों की संख्या कम हो जायेगी, लेकिन यह 25 से 30 के बीच हो सकती है। इसलिए एनडीए के कुल आंकड़े तक पहुंचने के लिए इस आंकड़े को भाजपा की संख्या में जोड़ना होगा।

यदि भाजपा को 220 या उससे कम सीटें मिलती हैं और एनडीए का 25 से 30 का आंकड़ा जोड़ा जाता है, तो यह 245 से 250 तक पहुंचता है- बहुमत के आंकड़े 272 से 22 कम। भाजपा नेतृत्व वाला एनडीए सबसे बड़ा गठबंधन हो सकता है और राष्ट्रपति द्वारा सरकार बनाने के लिए उसे आमंत्रित किया जा सकता है। विश्वास मत का सामना करने पर वाईएसआरसीपी और बीजेडी जैसी अन्य पार्टियों का उसे समर्थन महत्वपूर्ण होगा। इन दोनों पार्टियों को ज्यादा नहीं तो कुल मिलाकर 20 सीटें मिल सकती हैं। अगर नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि ऐसी सरकार चले तो इन पार्टियों के समर्थन से एनडीए सरकार को बने रहने में मदद मिल सकती है। लेकिन इंडिया ब्लॉक के लिए, वर्तमान चुनाव अभियान में प्रधानमंत्री और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के बीच जारी लड़ाई एक आशा की किरण जगाती है कि त्रिशंकु स्थिति होने पर नवीन भाजपा के साथ संबंध तोड़ने पर विचार कर सकते हैं और इंडिया ब्लॉक को समर्थन दे सकते हैं। इंडिया ब्लॉक के नेताओं, विशेषकर एम के स्टालिन और ममता बनर्जी द्वारा नवीन के साथ थोड़ी पैरवी की आवश्यकता होगी। जहां तक जगनमोहन रेड्डी की बात है तो वह अंतिम नतीजों का आकलन करने के बाद अपनी रणनीति तय करेंगे। वह देखेंगे कि आंध्र प्रदेश में उनकी वाईएसआरसीपी के लिए असली खतरा कौन सी पार्टी है? निश्चित तौर पर भाजपा-टीडीपी गठबंधन उनके राजनीतिक वर्चस्व के लिए बड़ा खतरा बनकर उभरेगा। राष्ट्रीय राजनीति में जगन कभी भी चंद्रबाबू नायडू के साथ एक खेमे में नहीं रह सकते, जो अब एनडीए में हैं। जगन के पास लोकसभा चुनाव के बाद एनडीए को समर्थन न देने का हर कारण है।

# हाईवे को छोड़ पगडंडी पर चलने वाले गुरूजी

– बाबा मायाराम

गुरूजी ने हिन्दी-अंग्रेजी के अक्षरों से चित्र बनाने की दृष्टि विकसित की। अक्षरों में न जाने कितने सारे जानवर, पक्षी, लोग, घर आदि छिपे हैं। अगर बच्चे इन अक्षरों को प्यार से उल्टा सीधा करके देखेंगे तो उन्हें खुद ही उनमें बहुत सारे नए नए चेहरे दिखेंगे। धीरे-धीरे ये बेजान अक्षर बच्चों के गहरे मित्र बन जाएंगे। वे कल्पना से उनमें नई-नई चीजें देखेंगे, और अपनी परिधि का विस्तार करेंगे।

चित्रकारी भी शिक्षा का एक माध्यम है। यह भी रेखा, रंग, आकारों का खेल है। खेल-खेल में आड़ी-तिरछी, टेढ़ी-मेढ़ी, सरल तथा घुमावदार रेखाओं से कई प्रकार के आकार बन जाते हैं। रंगों के छींटे और धब्बे भी तो अजीबोगरीब आकार बना लेते हैं। शुरू में ये सारे बेमतलब से लगते हैं, परंतु गौर से देखते रहने पर धीरे-धीरे उनमें परिचित शक्लें उभरने लगती हैं। वास्तव में वहां तो होते हैं, केवल धब्बे और बादलों के टुकड़े। शक्लें तो होती हैं देखने वालों के मस्तिष्क में। यह कहना था गुरूजी यानी विष्णु चिंचालकर जी का। आज मैं इस स्तंभ में उनकी कहानी बताने जा रहा हूं। विष्णु चिंचालकर, ऐसे मशहूर चित्रकार थे, जो कला को जनसाधारण के दैनंदिन जीवन तक ले गए। रोजमर्रा के काम आने वाली ऐसी बेकार चीजों से कला की दुनिया को सजाया संवारा, जिन्हें लोग कबाड़ समझते थे। धीरे-धीरे कला में बुनियादी मूल्यों की समझ के करीब आते हुए गुरूजी कला में पेंट और ब्रश के क्षेत्र से आगे बढ़ गए।

घर-आंगन के आसपास घास का तिनका, पत्ते, फूल, फल, टहनियां, कुल्फी की डंडी, फूटी बोतलें, नारियल की नट्टी, टूटी रबड़ की चप्पल, सुपारी, नारियल की नट्टी, मकई का भुट्टा, सिंघाड़े का छिलका इत्यादि। इन सबमें गुरूजी तरह-तरह की आकृतियां देखते थे। संक्षेप में प्रकृति की विभिन्न वस्तुएं, और बेकार पड़ी कई चीजें, उनके स्पर्श से एक नया आकार ग्रहण कर लेती थीं, एक भिन्नता का आभास देती थीं।

गुरूजी का जन्म मध्यप्रदेश देवास जिले के आलोट में 5 सितंबर, 1917 को हुआ था। उन्होंने इंदौर स्कूल ऑफ आर्टस में अध्ययन किया। बेंद्रे और एम.एफ. हुसैन उनके वरिष्ठ थे। इंदौर में पढ़ाया भी। 'नई दुनिया' से भी जुड़े रहे। लेकिन बाद में प्रकृति में ही चित्रों की तलाश करने लगे, नए रूपाकारों की खोज करने लगे। गुरूजी पर बेवसाइट द्धह्लह्लश्चह्य://222.1द्बह्यद्धठ्ठह्वष्द्धद्बठ्ठष्द्धड्डद्यद्मड्डह्म्.द्बठ्ठ/ भी है, जिसमें उनके काम का विवरण है।

गुरूजी से मैं सबसे पहली बार एक स्वयंसेवी संस्था के परिसर में मिला था। यह 80 के दशक की बात है। वे कोसम पेड़ से टिके एक ब्लैकबोर्ड पर बच्चों को अक्षरों की आकृति से कुछ चित्र बनाकर बता रहे थे। वे शरीर के हाव-भाव से भी चित्र बनाकर बता रहे थे। इसमें बच्चों और गुरूजी दोनों को मजा आ रहा था। बाद में जब इंदौर गया तो गुरूजी से नियमित मिलना होने लगा। वे ही मुझे उनकी लूना पर बिठाकर 'नई दुनिया' के दफ्तर ले गए थे, संपादक राहुल बारपुते से मिलवाया था। 'नई दुनिया' में कुछ साल काम किया था। राहुल बारपुते ने मुझसे कहा था कि- अगर पत्रकारिता अच्छे से करनी है तो खूब पढ़ना। लिखने के लिए पढ़ना बहुत जरूरी है।

उन दिनों मैं नई दुनिया में काम करने के साथ कॉलेज की पढ़ाई भी कर रहा था। नवलखा के पास बापना हॉस्टल में रहता था। गुरूजी संवाद नगर में रहते थे, जो पास ही था। जैसे ही मुझे मौका मिलता था, गुरूजी से मिलने पहुंच जाता था। उनसे बात करने व काम देखने का मौका मिलता था। उनके साथ कई यात्राएं भी कीं। वे बच्चों की कई कार्यशालाएं करते थे, बच्चों के बीच बच्चों जैसे बन जाते थे। उनसे बातचीत के दौरान वे एक एक चित्र के बारे में विस्तार से बताते थे। वे बेकार पड़ी चीजों से चित्र बनाते थे। टूथ ब्रश, पलंग की निबार, पेड़ों की टहनियां, सूखी पत्तियां जैसी बेजान पड़ी चीजों को स्पर्श देकर नया आकार दे देते थे, जो उनके घर की दीवार पर जगह पा जाती थीं। फटी बनियान से ईसा मसीह का चित्र मैं भूल नहीं पाता हूं। टूटी से चप्पल से मोनालिसा भी बनाई थी। आम की गुठली से टेगौर, सुपारी और पीपल के पत्तों में गणेश जी, केतली में मुकुटधारी गजानन के दर्शन करवाने लगे। वे कहते थे कि मटेरियल ही फार्म को डिक्टेट करता है।

# केजरीवाल के खिलाफ मुकदमों के नतीजे पर टिका आप का राजनीतिक भविष्य

– कल्याणी शंकर




वर्तमान में, आप का केवल 20 निर्वाचन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण राजनीतिक प्रभाव पड़ेगा। केजरीवाल का राष्ट्रीय प्रभाव उनकी पार्टी के प्रदर्शन पर निर्भर करता है। आप के पास वर्तमान में लोकसभा में एक और राज्य सभा में दस सीटें हैं। पार्टी ने अन्य राज्यों में अपना प्रभाव बढ़ाया है और अप्रैल 2023 में इसे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया गया।

ल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पिछले एक दशक में कई बाधाओं को पार किया है। फिर भी, उनका अटूट लचीलापन प्रेरणा का प्रतीक रहा है। वह और उनकी पार्टी इस वक्त शराब नीति मामले में सबसे बड़े संकट का सामना कर रहे हैं। चुनौतियों के बावजूद केजरीवाल की राजनीतिक यात्रा उनकी अदम्य कर्मठता का प्रमाण है। 49 दिनों के संक्षिप्त कार्यकाल और 2014 में दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटें हारने के बाद, उन्होंने 2015 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में 70 में से 67 सीटें हासिल करके उल्लेखनीय वापसी की।

पिछले महीने दिल्ली शराब नीति मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी, जिसमें भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के आरोप शामिल हैं, ने आम आदमी पार्टी के भविष्य पर अनिश्चितता की छाया डाल दी है। क्या यह पार्टी की राह का अंत होगा, या क्या वे इस तूफान का सामना कर सकते हैं और अपनी राजनीतिक यात्रा जारी रख सकते हैं?

शीर्ष अदालत द्वारा केजरीवाल को जमानत देने का फैसला, जिससे उन्हें मौजूदा चुनावों में अपनी पार्टी के लिए प्रचार करने की अनुमति मिल सकी, केजरीवाल के समर्थकों के लिए आशा की किरण है। यह सकारात्मक विकास केजरीवाल की सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है, खासकर अगर उन्हें जनता की सहानुभूति मिलती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथित उत्पीड़न और अपने सहयोगियों की कैद को उजागर करते हुए केजरीवाल खुद को दमित व्यक्ति के रूप में प्रस्तुत करते हैं। केजरीवाल और उनकी पार्टी जनता को यह दिखाने की कोशिश कर रही है कि जेल में उनके साथ कैसा दुर्व्यवहार किया गया और कैसे उन्हें इंसुलिन और मधुमेह की दवा देने से इनकार कर दिया गया।

नवंबर 2012 में आम आदमी पार्टी(आप) की स्थापना के बाद से केजरीवाल की गिरफ्तारी पार्टी के लिए सबसे बड़ा संकट है। पार्टी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जिसमें आंतरिक संघर्ष, भ्रष्टाचार के आरोप और आम आदमी की पार्टी के रूप में अपनी छवि बनाये रखने की आवश्यकता शामिल है। पिछले कुछ वर्षों में, इंडिया अगेंस्ट करप्शन के दिनों से केजरीवाल के कई सहयोगियों को हटा दिया गया है, समेत कई ऐसे आरोप हैं। केजरीवाल ने अपने इर्द-गिर्द केंद्रित एक व्यक्तित्व आधारित पार्टी की शुरूआत की है।

आम आदमी पार्टी का सत्ता में आना काफी नाटकीय रहा है। इसकी शुरूआत 2011 में अन्ना हजारे के नेतृत्व में इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन से हुई थी। पार्टी कुछ ही महीनों के भीतर सत्ता में आ गई, लेकिन 48 दिनों में केजरीवाल का इस्तीफा आश्चर्यजनक नहीं था। हालांकि, अगले दो विधानसभा चुनावों में उन्होंने भारी बहुमत से जीत हासिल कर वापसी की। इन घटनाओं ने पार्टी के राजनीतिक प्रक्षेप पथ और केजरीवाल के लचीलेपन के बारे में जिज्ञासा जगा दी है। केजरीवाल हमेशा महत्वाकांक्षी रहे हैं। उन्होंने खुद को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश किया और 2014 में बनारस में मोदी के खिलाफ भी खड़े हुए लेकिन हार गये। इस साहसिक कदम से केजरीवाल और उनकी पार्टी का रुतबा काफी बढ़ गया।

हाल ही में गठित इंडिया गठबंधन, जो एक महत्वपूर्ण राजनीतिक गठबंधन है और जिसका उद्देश्य भाजपा के प्रभुत्व को चुनौती देना है, में आप कांग्रेस के अलावा एक से अधिक राज्यों पर शासन करने वाली एकमात्र पार्टी के रूप में खड़ी है। यह गठबंधन उनकी पार्टी के दिल्ली और पंजाब से बाहर विस्तार का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

हालांकि, वर्तमान में, आप का केवल 20 निर्वाचन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण राजनीतिक प्रभाव पड़ेगा। केजरीवाल का राष्ट्रीय प्रभाव उनकी पार्टी के प्रदर्शन पर निर्भर करता है। आप के पास वर्तमान में लोकसभा में एक और राज्य सभा में दस सीटें हैं। पार्टी ने अन्य राज्यों में अपना प्रभाव बढ़ाया है और अप्रैल 2023 में इसे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया गया। भारतीय राजनीति में आम आदमी पार्टी का सत्ता में आना दिलचस्प है। भाजपा या वामपंथी दलों के विपरीत इसका कोई ठोस वैचारिक रुख नहीं है। यह ए.आई.ए. डी.एम.के., डी.एम.के., समाजवादी पार्टी, बीजू जनता दल, या राष्ट्रीय जनता दल जैसी क्षेत्रीय या समाजवादी पृष्ठभूमि पर निर्भर नहीं है। इसके बजाय, इसने भ्रष्टाचार-विरोधी और मुफ्तखोरी संस्कृति के विकास का समर्थन करके शक्ति प्राप्त की है।

आप अब दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के साथ लोकसभा चुनाव लड़ रही है, जबकि पंजाब में आप 13 सीटों पर स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रही है। यह गठबंधन केजरीवाल की राजनीतिक यात्रा के लिए एक आशाजनक दृष्टिकोण पेश करता है। आम आदमी पार्टी सिर्फ एक राजनीतिक इकाई नहीं है। यह कांग्रेस द्वारा छोड़े गये शून्य को भरने और हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात जैसे राजनीतिक रूप से द्विध्रुवीय राज्यों को लक्षित करने के लिए तैयार है।

# आंखों में मिर्च झोंक व्यापारियों से लूटे साढे तीन लाख, लुटेरे फरार

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर जंगल में सवेरे किराना व्यापारियों से चार अज्ञात बाइक सवारों ने आंख में मिर्च झोंककर साढे तीन लाख रुपये लूटकर फरार हो गये। जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर लुटे-पिटे व्यापारियों से पूंछताछ की। उहोंने लुटेरों की तलाश में सर्विलांस व पुलिस टीम गठित कर दी है।

लूट की ये वारदात शनिवार को सवेरे चार बजे मानिकपुर थाने के कल्याणपुर जंगल में हुई। बताया गया कि मानिकपुर कस्बे के किराना व्यापारी दिलीप केशरवानी व हंशराज केशरवानी किराने का सामान खरीदने मप्र के बिरसिंहपुर



पूंछताछ करते एसपी।

मोटरबाइक से जा रहे थे। घात लगाये लुटेरों ने पीछाकर व्यापारियों की बाइक को ओवरटेक कर रोक लिया। व्यापारियों की आंखों में लाल मिर्च पाउडर झोंककर चाकू से हमला बोल दिया। लाल मिर्च से व्यापारियों की हालत खराब होने पर बैग में रखे साढे तीन लाख रुपये लेकर लुटेरे चम्पत हो गये।

सूचना पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। लुटे-पिटे व्यापारियों से पूंछताछ की। एसपी ने कहा कि पुलिस की चार टीमें जांच को लगाई हैं। सर्विलांस टीम भी सक्रिय कर दी गई है। जल्द ही मामले का खुलासा होगा।

## उमरिया घाट में जारी है बालू का अवैध खनन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाड़ी थाना क्षेत्र के कलवारा खुर्द गांव के उमरिया घाट में बालू का अवैध खनन नहीं थम रहा। शनिवार को कलवारा खुर्द गांव के दबंग बालू माफिया की इलाका पुलिस से मिलीभगत के चलते दिन-दहाड़े खुलेआम ट्रैक्टर-ट्रॉलियो से अवैध बालू खनन कारोबार धडल्ले से हो रहा है। एक पखवाडा पहले बालू खनन का वीडियो भी वायरल हुआ था। वायरल वीडियो के बाद भी इलाका पुलिस ने दबंग के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। दबंग ने बुलंद हौसलों से बालू का अवैध कारोबार जारी किये है। खास सूत्रों ने बताया कि बालू के अवैध खनन की जानकारी पुलिस को दी जाती है तो पुलिस उल्टा सूचना देने वाले को धमकाती है और फर्जी मामले में फंसाने की धमकी देती है।

# आरा मशीन से पकड़े सागौन के बोटे

## छापेमारी में दो संचालकों व भंडारण करने वाले पर रिपोर्ट दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** वन विभाग की टीम ने शिवरामपुर स्थित तीन स्थानों पर छापेमारी कर दो आरा मशीन से प्रतिबंधित नीम के बोटे बरामद किये। एक स्थान पर अवैध ढंग से रखे 101 सागौन के बोटे बरामद हुए। वन विभाग की टीम बोटों को साथ ले गई है। मामले में तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शनिवार को डीएफओ समेत वन विभाग के अन्य अधिकारियों की टीम ने मुखबिर की सूचना पर शिवरामपुर कस्बे के लैनाबाबा रोड स्थित आरा मशीन में छापेमारी की। छापा पड़ते ही कई मजदूर व अन्य कर्मचारी भाग निकले। टीम ने एक अन्य आरा मशीन पर छापा डाला। दोनों स्थानों से नीम के कई बोटे बरामद हुए। इनका आरा मशीन में कोई रिकार्ड नहीं था।

टीम ने एक अन्य स्थान पर



छापेमारी में पकडे सागौन के बोटे।

छापा मारकर 101 सागौन के बोटे बरामद किये। ये बोटे भी बिना किसी कागजात के भंडारित थे। टीम में एसडीओ राजीव रंजन, वन क्षेत्राधिकारी नफीस खान, उप क्षेत्राधिकारी हरिशंकर शामिल रहे। छापे की कार्रवाई बाद रेंजर नफीस खान ने बताया कि आरा मशीन संचालक कलावती, हीरालाल व भंडारण करने वाले दिनेश शुक्ला पर भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। बरामद बोटे वन विभाग की टीम साथ ले आई है।

## हस्तशिल्पी सात जुलाई तक जमा करें कलाकृति

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उद्योग केंद्र के उपायुक्त एसके केसरवानी ने जिले के हस्तशिल्पियों से कहा कि उद्योग व उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय ने प्रत्येक वर्ष की भांति प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ हस्तशिल्प कलाकृतियों पर 20 हस्तशिल्पियों को राज्य स्तरीय शिल्प पुरस्कार व 20 को दक्षता हस्तशिल्प पुरस्कार देने का प्रावधान किया है। सभी हस्तशिल्पियों से अनुरोध किया कि सात जुलाई तक अपनी उत्कृष्ट कलाकृति कार्यालय में जमा कर दें। इस बाबत पुरस्कार को आवेदन पत्र विषयक जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

## 20 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में दरोगा अनिल कुमार ने लाला उर्फ कामता गुप्ता पुत्र हीरालाल कछियापुरवा चनहट के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत ममाला दर्ज किया। टीम में दरोगा अनिल कुमार व पीआरडी राधेश्याम शामिल रहे।

# रानीपुर भट्ट तालाब की रात में बेंची जा रही मिट्टी

## पुलिस लेती है ट्रैक्टरों से पैसा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीतापुर पुलिस चैकी क्षेत्र के रानीपुर भट्ट में घोषित अमृत सरोवर तालाब की मिट्टी को भू-माफिया रात में ट्रैक्टरों लगाकर खुदाई कर बेंचने में जुटे हैं। इलाका पुलिस रात में ट्रैक्टरों मालिकों से डेढ हजार रुपये रोज लेकर धडल्ले से ट्रैक्टरों से मिट्टी बेंचवा रही है।

ये गोरखधंधा कई दिनों से रात में चल रहा है। बताया गया कि रानीपुर भट्ट स्थित अमृत सरोवर इन दिनों सूखा पडा है। उसकी



तालाब से मिट्टी ढोते ट्रैक्टर।

मिट्टी निकालकर धडल्ले से टैड्ढक्टर चालक बेंचने में जुटे हैं। दिन में मिट्टी नहीं निकाली जाती। मिट्टी निकालने का काम रात में होता है। प्रशासन को मिट्टी बिकवानी है तो मिट्टी की नीलामी करा सकता है, लेकिन मनमानी ढंग से रात में चोरी से तालाब की मिट्टी को निकालकर बेंचने में भू-माफियाओं को ही लाभ पहुंच रहा है। इलाका पुलिस टैड्ढक्टरों से रात में मिट्टी निकालने की एवज में धनराशि की वसूली करती है।

रात में चोरी से तालाब की मिट्टी निकालकर टैड्ढक्टरों से बेंचने में कोई प्रतिबंध नहीं लगा रहा। धडल्ले से ये गोरखधंधा कई दिनों से जारी है। टैड्ढक्टर मालिक राजस्व को भारी क्षति पहुंचा रहे हैं। मिट्टी निकालकर विकलांग विश्वविद्यालय के बगल के रास्ते से लोगों के प्लाट में डाली जा रही है। तालाब की ये मिट्टी खासी उपजाऊ बताई जा रही है। इस मिट्टी को लोग खेतों में पैदावार बढाने को भी डलवाते हैं। माफियाओं की ये हरकतें जिले में इन दिनों परवान चढ रही है।

## भू-माफिया खत्म कर रहे सरकारी नाले का वजूद, जिला प्रशासन खामोश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी तहसील के बरुई कुइया लोढवारा में भू-माफिया सरकारी नाले को खत्म करने में जुटे हैं। नाले पर मनमानी ढंग से पिलर खडे कर नाले का वजूद खत्म करने में तल्लीन हैं। पुलिस व तहसील व जिला प्रशासन इस मामले में चुप्पी साधे हैं।

शनिवार को नाले का वजूद समाप्त करने की खबर मिली। बताया गया कि बरुई कुइया लोढवारा नाले को भू-माफिया समतल करने में जुटे हैं। समतल कराने को कई ट्रैक्टर लगाये हैं। नाले को समाप्त करने में जुटे भू-माफिया पर राजस्व विभाग कोई कार्यवाही नहीं कर रहा।



नाले को समतल बनाने को चल रहे ट्रैक्टर।

भू-माफिया तेजी से नाले को समाप्त करने में जुटे हैं। प्रतीत होता है कि तहसील व पुलिस प्रशासन भू-माफियाओं पर मेहरबान हैं। जिला प्रशासन नाले का वजूद खत्म करने वाले भू-माफियाओं पर कब कार्यवाही करेगा। सरकारी नाले को खत्म करने वाले भू-माफियाओं पर कोई कार्यवाही न होने से लगातार सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे बढते जा रहे हैं।

# महिला थाना ने दम्पति में कराई सुलह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के प्रयास में महिला थाना पुलिस टीम ने पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर सुलह कराई।

शनिवार को बांदा जिले के कमासिन थाने के दलपापुरवा हालमुकाम मुलायमनगर कोतवाली कर्वी की श्रीमती दयारानी पत्नी दुर्गेश ने पति दुर्गेश पुत्र चन्द्रशेखर



विवाद सुलझाती महिला पुलिस।

दलपापुरवा के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज बाबत महिला थाने में पत्र सौंपा। महिला थानाध्यक्ष की टीम ने शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को थाने बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में आपस में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दम्पति ने एक-दूसरे के साथ तालमेल से रहने का भरोसा दिया। टीम में थानाध्यक्ष श्रीमती सविता सरोज, महिला सिपाही दीपिका व शिल्पा रंजन शामिल रही।

## रास्ते को छोडी गई भूमि पर दबंग कर रहे कब्जा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सरधुवा थाने के सरधुवा गांव की रेखा सिंह पत्नी स्व अतुल सिंह ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि उसकी गाटा संख्या 2770 रकबा छह बिसवा जमीन पर गांव का दबंग जबरियां कब्जा किये है। उसके घर की महिलाओं ने बनी चहारदीवारी को गिरा दिया है।



पीडिता रेखा सिंह।

शनिवार को पीडिता रेखा सिंह ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि उसे बंटवारे में छह बिसवा भूमि मिली थी। पांच बिसवा उसके पुत्र के नाम से एयरटेल टावर का एग्रीमेन्ट है। शेष एक बिसवा भूमि उसने आवागमन को छोड रखा है। रास्ते को छोडी गई भूमि पर गांव के दबंग राजेश सिंह पुत्र पंचम सिंह, रणजीत सिंह पुत्र आनन्द वर्धन सिंह, करुणा सिंह पत्नी राजवर्धन सिंह, धर्मेन्द्र सिंह पुत्र राजेश सिंह, धीरेन्द्र पुत्र रणजीत सिंह, प्रियंका, स्वेच्छा व पूजा, दीपांजलि, शकुन्तला आदि छोडी गई भूमि पर जबरियां कब्जा कर रहे हैं। भूमि पर बनी दीवार भी तोड दिया है। मना करने पर फसाद पर आमादा होते हैं। किसी भी समय कोई गम्भीर घटना हो सकती है। पीडिता ने पुलिस अधीक्षक से मांग किया कि पीडिता की भूमि पर जबरन हो रहे कब्जे को तत्काल रुकवाया जाये, ताकि कोई विवाद न हो सके।

# रंगेहाथ घूस लेते जेई को टीम ने दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** झांसी की एंटी करप्शन टीम ने विद्युत विभाग के अवर अभियंता धर्मदास पटेल को रंगेहाथ बीस हजार रुपये की रिश्वत लेते दबोचा है। उसके खिलाफ कोतवाली कर्वी में उचित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शनिवार को एंटी करप्शन टीम ने ये कार्यवाही की है। बताया गया कि बहिलपुरवा थाने के चन्द्रामारा गांव के किसान संदीप कुमार पुत्र स्व कौशल किशोर ने विद्युत कनेक्शन लगवाने को विद्युत विभाग के अवर अभियंता धर्मदास पटेल को 25 मई को बीस हजार रुपये रिश्वत के दिये। उसने कई बार कनेक्शन लगवाने को अवर

## किसान से कनेक्शन के नाम पर ले रहा था बीस हजार रुपये




पुलिस गिरफ्त में जेई।

अभियंता से मांग की थी। अवर अभियंता बिना बीस हजार रुपये लिए कनेक्शन करने को तैयार नहीं था। पीडित ने ग्राहक सेवा केन्द्र सरैंया पावर हाउस के बाहर अवर अभियंता को रिश्वत के बीस हजार रुपये दिये।

झांसी की एंटी करप्शन टीम के प्रभारी निरीक्षक रमेशचन्द्र शर्मा की अगुवाई में टीम में शामिल प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार यादव, दरोगा नन्देश्वर, दीवान शिवकुमार शर्मा, सिपाही चन्द्रपाल, नितिन कंचन, जितेन्द्र कुमार, राहुल कुशवाहा, अनिल कुमार, सरोज कुमार, लक्ष्मण सिंह ने अवर अभियंता को रिश्वत लेते रंगेहाथ दबोच लिया। उसे कोतवाली कर्वी ले जाकर उचित धाराओं में मामला दर्ज कराया है।

# खानपान की शैली लोगों को कर रही बीमार

## जंक फूड हैं सेहत के लिए हानिकारक

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** आधुनिक खानपान की शैली अब गांव- कस्बों में फैल रही है। इससे लोगों के सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। नगर पंचायत मऊ समेत आसपास क्षेत्रों में अंधाधुंध बिक रहे जंक फूड न केवल बच्चों को बीमार कर रहें हैं, बल्कि इसका लती भी बना रहें हैं।

शनिवार को जंक फूड बर्गर-पिज्जा आदि में अजीनोमोटो का जम इस्तेमाल हो रहा है। ये एक



डॉ मो हारुन।

तरह का नमक होता है। ये खाने में स्वाद बढ़ाने का काम करता है।

### डॉक्टर की सलाह......

**मऊ/चित्रकूट।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ के चिकित्साधीक्षक डा मो हारुन ने बताया कि इस प्रकार के जहरीले पदाथ युक्त भोजन स्वास्थ्य के लिए घातक हैं। इनके सेवन से दूर रहना चाहिए। अन्यथा ये गंभीर बीमारी के कारण बन सकते हैं।


अजीनोमोटो नमक को मोनोसोडियम ग्लूमेट भी कहा जाता है। ये व्हाइट क्रिस्टल रंग का होता है। अजीनोमोटो में अमीनो एसिड अधिक मात्रा में पाया जाता है। नगर पंचायत मऊ में ज्यादातर चाइनीज खाने जैसे नूडल्स, फ्राइड राइस व मंचुरियन खाने में अजीनोमोटो का इस्तेमाल होता है। वहीं जंक फूड जैसे पिज्जा, बर्गर में भी इसका इस्तेमाल होता है। इसका प्रयोग सॉसेज टोमैटो सॉस, सोया सॉस में किया जाता है। ये नर्वस सिस्टम पर भी असर डालता है। इससे ब्रेन डैमेज का खतरा बढ़ जाता है। वजन बढ़ने लगता है। हाई ब्लड प्रेशर की समस्या होने लगती है। वहीं नींद की कमी, पेट में अल्सर व माइग्रेन की बीमारी भी हो सकती है। बच्चों के लिए तो ये बेहद खतरनाक है।

## बढ़ता गया दिन, चढ़ता गया सूरज का पारा

### पारा 47 डिग्री पार, आज से नौतपा शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दिन-प्रतिदिन सूरज का पारा ऐसा चढ रहा है कि गर्म हवा के थपेड़ों के बीच सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। सवेरे छह बजे से प्रचंड गर्मी लोगों की हालत पतली कर रही है। सड़कों



सड़कों पर पसरा सन्नाटा व सूरज की तपिश से कुछ इस तरह बच रहे लोग।

पर इक्का-दुक्का लोग ही नजर आते हैं, जो दिखते भी हैं, वे खुद को पूरी तरह ढककर चल रहे हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवां के मौसम विभाग के अनुसार पारा 47 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। तड़के पारा 34 डिग्री सेल्सियस होने के बावजूद गर्म हवा के थपेड़े लोगों को परेशान किये रहे। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया सूरज का पारा बढ़ता गया। पूर्वान्ह 11 बजे के बाद सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा। अपरान्ह तीन बजे तक सड़कों पर इक्का-दुक्का लोग ही नजर आये। कृषि विज्ञान केन्द्र के मौसम वैज्ञानिक के अनुसार बुन्देलखण्ड में इन दिनों कुछ और ज्यादा तपिश बढ़ने के आसार हैं। आने वाले दिनों में गर्म हवा के थपेड़े और झुलसाने वाले होंगे। आसमान से सूरज के धरती के और करीब आने से लोगों के हाल बेहाल हैं। मासूम बच्चों एवं बूढ़ों के हाल इस गर्मी में कुछ ज्यादा खराब हैं। ऐसे लोगों को बाहर निकलने को डाक्टरों ने साफ मना किया है।

# परदवां मऊ संपर्क मार्ग के ध्वस्त होने से लोग परेशान, शिकायत के बाद भी नहीं बन रही सडक

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** पूरब पताई मऊ संपर्क मार्ग के ध्वस्त होने से राहगीरों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र के युवा समाजसेवी ठा अमन सिंह बघेल ने बताया कि परदवां से मऊ तक की ये रोड कई वर्षों से इसी तरह से ध्वस्त है। पूरब पताई से मऊ जाने में जहां मुश्किल से दस मिनट लगते थे तो वहीं उबड़-खाबड़ सडक से मऊ पहुंचने में एक घंटे से ज्यादा लगते हैं।

शनिवार को सडक की दुर्दशा के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि सर्वाधिक मुसीबत तीमारदारों को होती है। गांव का कोई भी व्यक्ति या महिला बीमार पड़ जाते हैं तो खराब रास्ते को पार करने को मन्नत मांगनी पड़ती है। इस मार्ग से दर्जन भर से अधिक गांवों के लोगों का प्रतिदिन मऊ आना जाना होता है। खराब रास्ता होने से मजबूरी में लोग आते-जाते हैं। रोड के खराब होने से आए दिन लोग चुटहिल भी होते हैं। इसी मार्ग से बच्चों का विद्यालय आना-जाना भी होता है। सड़क की बदहाली बदस्तूर कायम है। जलभराव की समस्या



परदवां सम्पर्क मार्ग की दुर्दशा।डॉ मो हारुन।

बदस्तूर कई वर्षों से जारी है। पूरब पताई मऊ संपर्क मार्ग जगह-जगह गड्ढों में पानी भरा हुआ है। राहगीरों को आने- जाने में रोज भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने सरकार से मांग की है कि जल्द सड़क बनवाई जाये, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का बिना अवरोध के राष्ट्रीय राजमार्ग मऊ तक आवागमन हो सके। समाजसेवी ठा अमन सिंह बघेल ने सरकार से मांग की है कि सड़क को जल्द बनवाया जाये, ताकि लोगों को सुलभ आवागमन मिल सके। उनके साथ रवि सिंह, अर्जुन सिंह, नरेश बहादुर सिंह, श्रेयांश श्रीवास्तव समेत क्षेत्र के कई लोगों ने सडक बनवाने की मांग की है।

## इसी रास्ते पर है ऋषियन आश्रम व बरियारी कला हनुमान मंदिर

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** इसी रास्ते पर प्राचीन ऐतिहासिक स्थल ऋषियन आश्रम है। जो पुरातत्व विभाग से संरक्षित है। किवदंतियों में इस स्थल को भगवान राम से भी जोड़ा जाता है। चंदेल कालीन ऐतिहासिक महत्व के अवशेष भी यहां हैं। आसपास के सैकड़ों लोग प्रत्येक सोमवार को ऋषियन आश्रम जाते हैं। प्रत्येक शनिवार व मंगलवार को सैकड़ों श्रद्धालु बरियारी कला हनुमान मंदिर भी जाते हैं। ऐसे में उबड़-खाबड़ रास्ता होने से लोगों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। रास्ता बनने से पर्यटन विकास होगा, स्थानीय निवासियों को चार पैसे की आय होगी।

# पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर जुल्म: ईशनिंदा के आरोप में मुस्लिम भीड़ ने ईसाई पर किया हमला, घर फूंका

**सरगोधा :** पाकिस्तान के सरगोधा में शनिवार को ईशनिंदा की एक कथित घटना पर गुस्साई भीड़ ने एक ईसाई व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया. भीड़ ने उसके घर में आग लगा दी. स्थानीय सूत्रों ने खुलासा किया कि स्थिति तब हिंसक हो गई, जब एक गुस्साई भीड़ सरगोधा के मुजाहिद कॉलोनी में घुस गई, जहां कई ईसाई परिवार रहते हैं.



भीड़ ने एक ईसाई व्यक्ति के घर में तोड़-फोड़ की, उसे बुरी तरह पीटा और उसके सामान को आग लगा दी. भीड़ ने पूरी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के अलावा परिसर के भीतर चल रही एक जूता फैक्ट्री को भी आग लगा दी. इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें एक बुरी तरह से घायल व्यक्ति को जमीन पर पड़ा हुआ दिखाया गया और कई लोग उस पर हमला करते देखे गए. कई लोगों ने तो पत्थरों का भी इस्तेमाल किया.

हालांकि, स्थानीय पुलिस ने कहा कि गुस्साई भीड़ को तितर-बितर करने और घायलों को पास के अस्पताल ले जाने के बाद हालात पर काबू पाया गया. पुलिस अधिकारियों ने यह भी कहा कि उन्होंने भीड़ को तितर-बितर कर दिया और कम से कम दो और परिवारों को मुस्लिम भीड़ के हमले से बचाया.

क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी (आरपीओ) शारिक कमाल ने कहा, 'हमने घायलों को अस्पताल पहुंचाया है और घटना में शामिल कई संदिग्धों को हिरासत में भी लिया है. सरगोधा जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) असद इजाज मल्ही ने पुष्टि की, 'यह घटना कथित ईश निंदा के विरोध में हुई.' एजाज ने कहा, 'जब पुलिस की टुकड़ी मौके पर पहुंची, तो हमने कुछ घरों के बाहर भारी भीड़ देखी. हमने परिवारों को सुरक्षित बाहर निकाला.'

पुलिस अधिकारियों ने दावा किया कि कोई भी घायल नहीं हुआ. घटना पर सोशल मीडिया पोस्ट में हिंसक भीड़ द्वारा यातना और बर्बरता की पुष्टि की गई. डीपीओ ने कहा, 'हमने स्थिति का मूल्यांकन करने और मामले पर एक बयान जारी करने के लिए एक जिला शांति समिति को बुलाया है. जिला समिति में जिला प्रशासन, मुस्लिम और अल्पसंख्यक समुदायों के धार्मिक विद्वान शामिल हैं.। मानवाधिकार आयोग ने जताई चिंता : पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) ने सरगोधा में सामने आ रही स्थिति पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा, 'गिलवाला में ईसाई समुदाय गुस्साई भीड़ के कारण अपने जीवन पर गंभीर खतरा महसूस कर रहा है.' इस घटना ने पिछले अगस्त की भयावह यादें ताजा कर दी हैं, जब जारनवाला में समुदाय के सदस्यों द्वारा की गई कथित ईशनिंदा पर गुस्साई भीड़ ने ईसाई चर्चों और ईसाई कब्रिस्तानों पर हमला किया था और पड़ोसी ईसाइयों के दर्जनों घरों को आग लगा दी थी.

पाकिस्तान सरकार की आलोचना : मानवाधिकार वकीलों ने जरनवाला घटना के अपराधियों और कट्टरपंथियों के हौसलों के खिलाफ कोई गंभीर और ईमानदार कार्रवाई करने में विफल रहने को लेकर पाकिस्तानी सरकार की आलोचना की है. राजनेता और मानवाधिकार वकील जिब्रान नासिर ने कहा, 'मैं सरगोधा में हुई घटना की कड़ी निंदा करता हूं।

# चीन को अलग-थलग करना किसी भी पक्ष के लिए फायदेमंद नहीं है : सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री

**बीजिंग।** जापान के टोक्यो में 29वें "एशिया का भविष्य" अंतरराष्ट्रीय मंच में सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री गान किम योंग ने भाग लिया।

उन्होंने मौके पर कहा कि चीन का आर्थिक प्रभाव बहुत बड़ा है और उसकी दीर्घकालिक आर्थिक विकास संभावनाएं आशावादी बनी हुई हैं। क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों में चीन की सक्रिय भागीदारी दुनिया के लिए फायदेमंद है और "चीन को अलग-थलग करना या बाहर करना किसी भी पक्ष के लिए फायदेमंद नहीं है।"

वर्तमान मंच 23 से 24 मई तक टोक्यो में आयोजित हुआ, जिसका विषय "अशांत विश्व में एशियाई नेतृत्व" है। गान किम योंग ने मंच पर कहा कि चीन एशिया के अधिकांश देशों का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों को प्रभावी ढंग से हल करने के लिए चीन की भागीदारी आवश्यक है।



पिछले दो दशकों में, चीन की आर्थिक वृद्धि ने एशिया और दुनिया के लिए अवसर पैदा किए हैं। गान किम योंग ने कहा कि चीन भविष्य में भी दुनिया का प्रमुख और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी उत्पादक ताकत बना रहेगा। सिंगापुर चीन के साथ मिलकर काम करता है, और दोनों देशों द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित सूजो औद्योगिक पार्क एक मॉडल परियोजना बन गया है, जो आर्थिक विकास और औद्योगीकरण को बढ़ावा देता है। भविष्य में, सिंगापुर चीन के साथ सहयोग को गहरा करना जारी रखेगा, खासकर डिजिटलीकरण और सतत विकास के दो प्रमुख क्षेत्रों में "एशिया का भविष्य" अंतर्राष्ट्रीय मंच 1995 से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है और इसकी मेजबानी निहोन कीजई शिंबुन (जापान आर्थिक समाचार एजेंसी) द्वारा की जाती है।

## सुरक्षा परिषद ने संयुक्त राष्ट्र संघ और सहायता कर्मियों पर हमलों के निंदा प्रस्ताव को दी मंजूरी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने शुक्रवार को उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी जिसमें मानवीय कार्यों में लगे संयुक्त राष्ट्र के सहायता कार्यकताओं और संयुक्त राष्ट्र कर्मियों पर हमलों की कड़ी निंदा की गई है। प्रस्ताव में मांग की गई है कि सभी लड़ाके अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार उनकी रक्षा करें। प्रस्ताव के पक्ष में 14 मत पड़े जबकि इसके खिलाफ किसी ने भी वोट नहीं किया। रूस मतदान से अनुपस्थित रहा। स्विटजरलैंड-प्रायोजित इस प्रस्ताव में संयुक्त राष्ट्र और मानवीय कर्मियों के खिलाफ बढ़ते हमलों और खतरों के साथ-साथ लड़ाकों द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून की निरंतर उपेक्षा और उल्लंघन किये जाने को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है।

## लंदन की कोर्ट ने मनी लांड्रिंग केस में महिला को सुनाई 80 महीने जेल की सजा

**लंदन।** लंदन की अदालत ने मनी लांड्रिंग केस में शुक्रवार को एक महिला को 80 महीने जेल की सजा सुनाई। उसे पांच अरब पाउंड (6.3 अरब डॉलर) की धोखाधड़ी की आय को छिपाने में मदद करने के लिए बिटकॉइन को नकदी और संपत्ति में बदलने के मामले में दोषी ठहराया गया।

अभियोजकों ने कहा कि वेन जियान ने 2014 और 2017 के बीच धोखाधड़ी वाली योजनाओं में 130,000 चीनी निवेशकों से कथित तौर पर चुराए गए धन को छिपाने में मदद की थी। उस पर धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप नहीं है। इसकी साजिश एक अन्य महिला ने रची थी।

ब्रिटिश पुलिस ने 61,000 से अधिक बिटकॉइन वाले वॉलेट जब्त किए थे। 2021 में जब्त 61,000 बिटकॉइन का मूल्य 1.4 अरब पाउंड था। अब कीमत तीन अरब पाउंड से अधिक है। 42 वर्षीय वेन ने कहा था कि उन्हें बिटकॉइन से जुड़े आपराध के बारे में कोई जानकारी नहीं है। मार्च में साउथवार्क क्राउन कोर्ट में जूरी सदस्यों ने उसे दोषी पाया था।

## रूस ने खारकीव में रेलवे पटरी और ट्रेन को उड़ाया

**कीव।** यूक्रेन के खारकीव क्षेत्र में रूस ने हमला कर ट्रेन और रेलवे पटरियों को उड़ा दिया। यूक्रेनी अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि खारकीव में रूसी सेना नए सिरे से भीषण हमला करने के बाद क्षेत्र से बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है।

यूक्रेन के राष्ट्रीय रेलवे संचालक यूक्रजालिज्नित्सिया के मुताबिक रात भर किए गए हमले में इमारतों और मालगाड़ी को भी नुकसान पहुंचा है। हालांकि, किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

खारकीव के गवर्नर ओलेह सिनियेहुबोव ने बताया कि रूस द्वारा 10 मई को खारकीव क्षेत्र पर आक्रमण शुरू करने के बाद से 11,000 से अधिक लोगों को वहां से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को क्षेत्र में अपने माता-पिता के बिना रह रहे 123 अनाथों और बच्चों को अगले 60 दिन के लिए सुरक्षित स्थान पर भेजने की घोषणा की है।

## लंदन में ईरानी राष्ट्रपति रईसी के लिए आयोजित शोक सभा में झड़प, चार घायल, एक आरोपी गिरफ्तार -

**लंदनः** ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर क्रैश में मृत्यु के बाद लंदन में आयोजित एक शोक सभा के दौरान झड़प में चार लोग घायल हुए हैं. ब्रिटिश पुलिस ने बताया कि रईसी को श्रद्धांजलि देने के लिए कुछ लोग एक कार्यक्रम में जमा हुए थे. इस दौरान वहां कुछ प्रदर्शनकारी भी आ गए, जो ईरान सरकार का विरोध कर रहे थे और दोनों समूहों के बीच झड़प हो गई. जिसमें चार लोग घायल हो गए. इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. लंदन मेट्रोपॉलिटन पुलिस फोर्स ने कहा कि अधिकारियों को शुक्रवार शाम को पश्चिमी लंदन के वेम्बली क्षेत्र में एक कार्यक्रम स्थल पर झड़प की सूचना मिली थी. जहां हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए ईरानी राष्ट्रपति राईसी के निधन पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# अपने नागरिकों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है चीन सरकार

**बीजिंग।** चीन में लंबे समय से हमेशा लोगों और जीवन को पहले रखने की अवधारणा का पालन किया जाता रहा है और स्वास्थ्य देखभाल का जोरदार विकास हुआ है। चीन की औसत जीवन प्रत्याशा नए चीन की स्थापना के समय 35 वर्ष से बढ़कर 2021 में 78.2 वर्ष हो गई है। चीन ने चेचक, पोलियो और मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों का उन्मूलन कर दिया है और इसके प्रमुख स्वास्थ्य संकेतक मध्य और उच्च आय वाले देशों में सबसे आगे हैं। चीन सरकार हमेशा लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को प्राथमिकता वाले विकास की रणनीतिक स्थिति में रखती है, स्वस्थ चीन के निर्माण को व्यापक रूप से बढ़ावा देती है और चिकित्सा और स्वास्थ्य प्रणाली के सुधार को लगातार गहरा करती है। निरंतर प्रयासों से, चीन ने दुनिया की सबसे बड़ी चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का निर्माण किया है, जो लोगों को सर्वांगीण, पूर्ण-चक्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है। 90 प्रतिशत शहरी और ग्रामीण परिवार 15 मिनट के भीतर निकटतम चिकित्सा केंद्र तक पहुंच सकते हैं। चीन ने दुनिया की सबसे बड़ी चिकित्सा सुरक्षा प्रणाली का निर्माण किया है, बुनियादी चिकित्सा बीमा 1 अरब 36 करोड़ अरब लोगों को कवर करता है, जिसकी कवरेज दर 95 फीसदी से अधिक पर स्थिर है।



चीन की चिकित्सा सुरक्षा क्षमताओं में सुधार जारी है। पिछले 60 वर्षों में जब से चीन ने विदेशी सहायता के लिए चिकित्सा टीमें भेजी हैं, कुल 30,000 चीनी चिकित्सा टीम के सदस्यों को दुनिया भर के 76 देशों और क्षेत्रों में भेजा गया है और 29 करोड़ से अधिक रोगियों का इलाज किया गया है। चीनी शैली का आधुनिकीकरण एक विशाल आबादी वाला आधुनिकीकरण है और सभी लोगों के लिए समान समृद्धि वाला आधुनिकीकरण भी है। अपने प्रयासों से चीन ने वैश्विक स्वास्थ्य प्रशासन प्रणाली में महत्वपूर्ण अग्रणी भूमिका निभाई है और दुनिया के सामने आधुनिकीकरण का एक ज्वलंत दृश्य प्रस्तुत किया है।

# नेपाली महिला ने रचा इतिहास, दो सप्ताह में तीन बार की माउंट एवरेस्ट पर चढ़ बनाया रिकॉर्ड

**काठमांडूः** नेपाल की फोटो जर्नलिस्ट और पर्वतारोही पूर्णिमा श्रेष्ठ ने शनिवार को दो सप्ताह के भीतर तीन बार माउंट एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचने वाली पहली व्यक्ति बनकर इतिहास रच दिया. स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी. उन्होंने पहली बार 12 मई को पहली चढ़ाई की थी. फिर 19 मई को और बाद में 25 मई को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई की. यात्रा का समन्वय करने वाले आठ के अभियानों के अभियान निदेशक पेम्बा शेरपा के अनुसार, 'उन्होंने शनिवार को सुबह 5:50 बजे अपनी तीसरी शिखर उपलब्धि हासिल की'.

पूर्णिमा इससे पहले चार बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ चुकी हैं. 2018 में वह पहली बार एवरेस्ट पर चढ़ीं.



एवरेस्ट फतह करने वाले नीमा डोमा शेरपा ने कहा कि पर्वतारोहण के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी पर्वतारोही ने एक ही सीजन में तीन बार एवरेस्ट फतह किया है. द हिमालयन टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, एक्सपीडिशन के अभियान निदेशक लकपा शेरपा ने कहा कि पूर्णिमा की पिछले कुछ वर्षों में ८७८००० मीटर शिखर की प्रभावशाली सूची पर्वतारोहण में उनके जुनून और विशेषज्ञता को दशार्ती है.

लकपा शेरपा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'पूर्णिमा ने इस साल 8 हजार मीटर के अभियानों के साथ एक ही सीजन में तीन बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली महिला बनकर इतिहास रच दिया'. गोरखा जिले की मूल निवासी पूर्णिमा इससे पहले माउंट एवरेस्ट, कंचनजंगा, ल्होत्से, धौलागिरि, माउंट के2, अन्नपूर्णा और मनास्लु पर चढ़ाई कर चुकी हैं)

## चीन, नेपाल ने पारंपरिक सीमा व्यापार केंद्रों को फिर से खोला

**ल्हासाः** चीन और नेपाल ने शनिवार को अपने पारंपरिक सीमा व्यापार केंद्रों को फिर से खोल दिया, जो द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापार संबंधों को बढ़ाने की दिशा में एक कदम आगे है. समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उद्घाटन समारोह दक्षिण-पश्चिम चीन के जिजांग स्वायत्त क्षेत्र के जिगाजे शहर में चीन-नेपाल सीमा पर जेनतांग टाउनशिप में हुआ. जेनतांग व्यापार केंद्र पर 110 चीनी व्यापारी और 47 नेपाली व्यापारी 50 से अधिक प्रकार के सामानों के लेनदेन में लगे हुए थे, जिनमें दैनिक आवश्यकताएं, निर्माण सामग्री, भोजन और पेय पदार्थ, कृषि उत्पाद और नेपाली हस्तशिल्प शामिल थे.झोंगबा, सागा, ग्यिरॉन्ग



और न्यालम जैसी काउंटियों में अन्य पारंपरिक स्थलों पर भी व्यापार गतिविधियां फिर से शुरू हो गईं. भारत, नेपाल और भूटान की सीमा से लगा और पांच व्यापारिक भूमि बंदरगाहों की मेजबानी करने वाला जिगाजे दक्षिण एशिया के लिए चीन के उद्घाटन के लिए एक महत्वपूर्ण शहर है. नगरपालिका वाणिज्य ब्यूरो के निदेशक फेंग जुएचेंग ने कहा कि पारंपरिक सीमा व्यापार ने लंबे समय से सीमावर्ती निवासियों की आजीविका का समर्थन किया है और सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. फेंग ने कहा, 'हम सीमा व्यापार बुनियादी ढांचे में लगातार सुधार करने और चीन और नेपाल के बीच आर्थिक और व्यापार आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की योजना बना रहे हैं.'

जिजांग ने पिछले साल 175 देशों और क्षेत्रों के साथ व्यापार किया. क्षेत्रीय राजधानी ल्हासा में सीमा शुल्क ब्यूरो के अनुसार, नेपाल से इसका आयात और निर्यात, इसके सबसे बड़े व्यापारिक भागीदार, कुल मिलाकर लगभग 2.77 अरब युआन (लगभग 389.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था, जो साल दर साल 77.2 फीसदी ज्यादा था.

## प्रचण्ड सरकार से नाराज काठमांडू के मेयर ने सड़क विभाग के आगे फेंका कचरा

काठमांडू। काठमांडू के मेयर बालेन शाह ने केन्द्र के प्रचण्ड सरकार से अपनी नाराजगी अनोखे ढंग से जताई है। उन्होंने सड़क विभाग के द्वारा समय पर काम नहीं कर पाने के कारण एक ट्रक कचरा विभाग के आगे फेंकवा दिया है। आज दोपहर को काठमांडू के प्रशासनिक क्षेत्र सिहदरबार के आगे रहे सड़क विभाग के दफ्तर के मुख्यद्वार पर एक कचरे का ट्रक आया और वहीं पर कचरा डालकर चला गया। इस बारे में पता लगाने पर यह पूरा मामला सामने आया। दरअसल प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड सरकार के असहयोगी रवैये से नाराज काठमांडू के मेयर बालेन शाह ने यह कचरे का ट्रक भिजवाया था और अपना विरोध जताने के लिए ट्रक में भरे कचरे को सड़क विभाग के मुख्यद्वार पर रखवा दिया। वैसे तो दो दिन पहले ही काठमांडू कै मेयर बालेन शाह ने केन्द्र की प्रचण्ड सरकार को चेतावनी देते हुए कहा था कि यदि काठमांडू के सारे डंपिंग साइट एरिया का सड़क मरम्मत नहीं किया गया तो वो मुख्य प्रशासनिक भवन सिंहदरबार के आगे और सत्ता गठबन्धन से आबद्ध राजनीतिक दलों के मुख्यालय के आगे कचरा फेंकेंगे। आज सड़क विभाग के आगे काठमांडू महानगरपालिका के ट्रक से कचरा फेंकने के मामले ने तुल पकड़ लिया। सड़क विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि यदि काठमांडू के मेयर अपने आचरण में सुधार नहीं लाएं तो उनके खिलाफ कानूनी उपचार ढूंढा जाएगा। विभाग के तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि मेयर बालेन को राजनीति करना है तो वो राजनीतिक दलों के दफ्तर के आगे कचरा फिंकवाने का काम करे। सरकारी दफ्तर के आगे इस तरह की घिनौनी हरकत बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

## नेपाल : संसदीय समिति पर आज भी नहीं बनी बात, विपक्षी दलों ने किया बहिष्कार

**काठमांडू।** उपप्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री के खिलाफ संसदीय जांच समिति बनाने को लेकर शनिवार को भी सहमति नहीं बन पाई है। पिछले एक हफ्ले से लगातार हो रही कार्यदल की बैठक में घंटों तक बैठने के बाद भी यह आलम है। सहकारी घोटाला में गृहमंत्री रवि लामिछाने की भूमिका की जांच को लेकर प्रमुख दलों द्वारा बनाए गए कार्यदल में समिति के कायार्देश को लेकर आज भी सहमति नहीं बन पाई। समिति के कायार्देश में गृहमंत्री के नाम का उल्लेख किया जाए या नहीं, इसको लेकर विवाद अभी भी बना हुआ है। सत्तापक्ष किसी भी हालत में गृहमंत्री रवि लामिछाने का नाम देने की बात पर सहमत नहीं हो रहे हैं तो विपक्ष बिना उस नाम के मानने के लिए तैयार नहीं है। दोनों पक्ष सहमति नहीं होने देने में एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सहमति नहीं होने के कारण बजट सत्र के एक दिन भी संसद की कार्रवाई नहीं हो पाई है। दोनों सदनों की कार्यवाही विपक्षी दलों द्वारा अवरुद्ध की जा रही है। अब तक ना राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हो पाया है और ना ही बजट पेश हो पाया है। कार्यदल के संयोजक रहे कानून मंत्री पदम गिरी ने कहा कि विपक्ष की बात तर्कपूर्ण नहीं है। उन्होंने कहा कि बिना किसी जांच के गृहमंत्री ही दोषी हैं, ऐसा लिख कर कोई जांच समिति नहीं बन सकती है लेकिन विपक्षी दल सरकार के इस तर्क से सहमत नहीं हो पा रहे हैं। कार्यदल के सदस्य रहे नेपाली कांग्रेस के ज्ञानेन्द्र कार्की ने कहा कि अब तक की सभी जांच में गृहमंत्री को दोषी बताया गया है। इसलिए उनका नाम तो लिखना ही होगा। कार्की ने कहा कि गैर कानूनी ढंग से सहकारी संस्थाओं से पैसे निकाल कर जिस गोरखा मीडिया में निवेश किया गया है, उसके नाम का भी उल्लेख किया जाए और संसदीय समिति गठित की जाए।

## मस्क ने अमेरिका के चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों पर टैरिफ लगाने का विरोध किया

**बीजिंग।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने हाल ही में अमेरिका के चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों पर टैरिफ लगाने का विरोध किया। मस्क ने पेरिस में फ्रांसीसी "वीवा टेक्नोलॉजी" नवाचार प्रदर्शनी में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया, जहां उन्होंने प्रौद्योगिकी निवेशकों के साथ चर्चा की।

जब एक अमेरिकी उपभोक्ता समाचार और बिजनेस चैनल के रिपोर्टर ने चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों और अन्य उत्पादों पर टैरिफ के बारे में पूछा, तो मस्क ने जवाब दिया, "न तो टेस्ला और न ही मैंने इन टैरिफ को लगाने का अनुरोध किया। जब उपायों की घोषणा की गई तो मैं भी आश्चर्यचकित था।"

उन्होंने कहा, "व्यापार की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करना या बाजार को विकृत करना अनुचित है।"

बता दें कि साल 2016 में स्थापित फ्रांसीसी "वीवा टेक्नोलॉजी" नवाचार प्रदर्शनी, वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति और स्टार्टअप को प्रदर्शित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन गई है। इस वर्ष 22 से 25 मई तक पेरिस में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 2,800 प्रदर्शकों ने भाग लिया।